16 वें वर्ष में प्रवेश

आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

यश भारत

नये जमाने के साथ

हर पल रहें
ताजा तरीन खबरों के
साथ लॉगिंन करें
WWW.yashbharat.co.in

● वर्ष- 16 अंक 14 ● कटनी ● मंगलवार, 15 फरवरी, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● माघ शुक्ल पक्ष-15 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935

क्या 16 फरवरी को यूक्रेन पर हमला करने जा रहा रूस

कीव। क्या रूस, यूक्रेन पर हमला करने जा रहा है? यूक्रेन के राष्ट्रपति के एक फेसबुक पोस्ट के बाद पूरी दुनिया में डर का माहौल बन गया है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर ज़ेलेंस्की ने सोमवार को घोषणा की कि बुधवार, 16 फरवरी च्एकता का दिनज् होगा, क्योंकि उस दिन उनके देश पर रूसी आक्रमण शुरू हो सकता है।यूक्रेन के नेता की यह टिप्पणी, फेसबुक पर पोस्ट किए गए अपने राष्ट्र के नाम एक संबोधन में कीव और मॉस्को के बीच बढ़े तनाव के बीच आई है। इससे पहले बाइडेन प्रशासन ने शुक्रवार को चेतावनी दी थी कि यूक्रेन पर कभी भी हमला हो सकता है। इस बीच, रूसी सैनिकों की पब्जी स्टाइल में युद्धाभ्यास करते फोटो-वीडियो भी जारी हुए हैं। ज़ेलेंस्की ने फेसबुक पर लिखा है कि एकता दिवस घोषित करने वाले डिक्री पर पहले ही हस्ताक्षर किए जा चुके हैं। हमें बताया गया है कि 16 फरवरी हमले का दिन होगा।

मप्र में कोरोना वायरस संक्रमण के 1,760 नए मामले

4 मरीजों की मौत

भोपाल। मध्य प्रदेश में सोमवार को कोरोना वायरस संक्रमण के 1,760 नए मामले सामने आने से संक्रमितों की संख्या बढ़कर 10,27,651 हो गई। स्वास्थ्य विभाग के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने कहा कि पिछले 24 घंटों में प्रदेश में चार लोगों की मौत इस बीमारी से हुई है जिसे मिलाकर राज्य में अब तक कुल 10,697 लोगों ने इस बीमारी से जान गंवाई है। अधिकारी ने कहा कि सोमवार को कोरोना वायरस संक्रमण के इंदौर में 155 और भोपाल में 372 नए मामले दर्ज किए गए। उल्लेखनीय है कि इंदौर और भोपाल जिले इस बीमारी से प्रदेश में सबसे अधिक प्रभावित हैं। हेल्थ बुलेटिन के अनुसार पिछले 24 घंटों के दौरान प्रदेश भर में कोरोना के 700409 सैंपल्स की जांच की गयी, जिसमें 1,760 कोरोना के मामले सामने आए।

चारा घोटाला डोरंडा केस में
लालू सहित 75 दोषी करार

रांची। चारा घोटाले के सबसे बड़े केस में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव समेत 75 आरोपियों को दोषी करार दिया गया है। इस केस में 24 आरोपियों को सबूत के अभाव में बरी कर दिया गया है। सीबीआई की स्पेशल अदालत ने 36 लोगों को 3-3 साल कैद की सजा सुनाई है, जबकि लालू यादव पर सजा का ऐलान अभी नहीं हुआ है। राजद प्रमुख प्रसाद के सजा के बिंदु पर अब सीबीआई के विशेष न्यायाधीश एस के शशि की अदालत में 21 फरवरी को सुनवाई होगी। जैसे ही RJD सुप्रीमो के दोषी करार देने की सूचना बाहर आई पटना से लेकर रांची तक उनके समर्थकों में मायूसी छा गई। कोर्ट परिसर RJD नेताओं से पटा है। पुलिस का पहरा सख्त कर दिया गया है। बता दें, इससे पहले चारा घोटाले के 4 मामले (देवघर के एक, दुमका ट्रेजरी की दो अलग-अलग धारा और चाईबासा

24 आरोपी बरी 36 को तीन-तीन साल की जेल

ट्रेजरी से संबंधित दो मामलों में) लालू दोषी करार दिए जा चुके हैं। अभी पहले के सभी मामलों में जमानत पर बाहर थे, लेकिन मंगलवार को कोर्ट के आए फैसले से उन्हें एक बार फिर जेल जाना होगा। 29 जनवरी को CBI के विशेष

सजा का ऐलान 21 को

न्यायाधीश एसके शशि की अदालत ने बहस पूरी होने के बाद 15 फरवरी को फैसले की तारीख निर्धारित की थी। सभी आरोपियों को कोर्ट में सशरीर हाजिर होने का आदेश दिया था। सुनवाई में उपस्थित रहने के लिए लालू 2 दिन पहले 13 फरवरी को ही रांची पहुंच गए थे। कोर्ट में सुनवाई से पहले लालू के वकील प्रभात कुमार ने कहा था, अभियुक्तों की उम्र 75 वर्ष से अधिक है। लालू यादव जेल जाने की स्थिति में नहीं है। ऐसे में कोर्ट से राहत की उम्मीद थी। पहले वाले केस में स्थितियां अलग थी, आज अलग है। इस केस में 10 महिलाएं भी आरोपी है। इधर, पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के आवास के बाहर सन्नाटा पसरा हुआ है।

डोरंडा ट्रेजरी घोटाला आखिर है क्या?

डोरंडा ट्रेजरी से 139.35 करोड़ रुपए की अवैध निकासी के इस मामले में पशुओं को फर्जी रूप से स्कूटर पर ढोने की कहानी है। यह उस वक्त का देश का पहला मामला माना गया जब बाइक और स्कूटर पर पशु को ढोया गया हो। यह पूरा मामला 1990-92 के बीच का है। जांच में पाया कि अफसरों और नेताओं ने मिलकर फर्जीवाड़ा का अनोखा फॉमुर्ला तैयार किया। 400 सांड़ को हरियाणा और दिल्ली से स्कूटर और मोटरसाइकिल पर रांची तक ढोया गया। ताकि बिहार में अच्छी नस्ल की गाय और भैंसों का उत्पादन किया जा सके। पशुपालन विभाग ने 1990-92 के दौरान 2,35, 250 रुपए में 50 सांड़, 14, 04,825 रुपए में 163 सांड़ और 65 बछिया खरीदा।इतना ही नहीं विभाग ने इस दौरान क्रॉस ब्रिड बछिया और भैंस की खरीद पर 84 लाख 93 हजार 900 रुपए का भुगतान मुर्रा लाइव स्टॉक दिल्ली के दिवंगत प्रोपराइटर विजय मल्लिक को की थी।

अच्छी खबर | सरकार ने घटाया आयात शुल्क
सस्ती दर पर मिलेगी दाल और कुकिंग ऑयल

नई दिल्ली। खाने-पीने की बढ़ती कीमतों पर एक अच्छी खबर है, महंगाई से रहत देने के लिए सरकार ने दालों और पाम ऑयल पर इम्पोर्ट ड्यूटी में कटौती की घोषणा की है। खाद्य मुद्रास्फीति पर काबू पाने की कोशिशों के तहत सरकार ने ऑस्ट्रेलिया और कनाडा से आने वाली दाल पर आयात शुल्क शून्य कर दिया है और अमेरिका से आने वाली दाल पर शुल्क 30प्रश से घटाकर 22प्रश कर दिया है। सरकार ने कच्चे पाम तेल पर भी सेस को 7.5प्रश से घटाकर 5 प्रश कर दिया है। हालांकि, मूंग के आयात के लिए विंडो को करीब दो महीने के लिए बंद करने के अचानक फैसले ने उद्योग को चौंका दिया है, जो पहले से ही आयात कॉन्ट्रैक्ट कर चुके हैं।

कुकिंग ऑयल की कीमतों में तेजी

नवंबर में थोड़ी गिरावट के बाद कुकिंग ऑयल की कीमतें भी बढ़ रही हैं। सरसों के तेल की

कीमतें अपने पहले के उच्चतम स्तर 175 रुपए प्रति किलोग्राम तक पहुंच गई हैं। 13 फरवरी से आयातित पाम तेल पर शुल्क में कटौती के निर्णय से घरेलू रिफाइनिंग में 60प्रश की वृद्धि होने की उम्मीद है क्योंकि कच्चे पाम तेल और रिफाइंड पाम तेल के बीच शुल्क अंतर 5.5त्न से बढ़ाकर 8.25त्न कर दिया गया है। एक अंग्रेजी अखबार के अनुसार कंसल्टिंग फर्म सनविन ग्रुप के सीईओ संदीप बाजोरिया का कहना है, नवंबर तक घरेलू खाद्य तेल की कीमतों में लगभग 10प्रश से 12प्रश की गिरावट आई थी।

उद्योग को उम्मीद है कि कच्चे और रिफाइंड पाम

तेल के आयात का मौजूदा अनुपात क्रमशः 50:50 है, जो अब कच्चे पाम तेल के पक्ष में बदल जाएगा। बाजोरिया ने कहा, कच्चे और रिफाइंड पाम तेल के बीच शुल्क अंतर में वृद्धि से स्थानीय रिफाइनिंग को प्रोत्साहन मिलेगा। हमें उम्मीद है कि आयात अब क्रमशः कच्चे और रिफाइंड पाम तेल के 80~20 के अनुपात में होगा। मसूर के आयात को आसान बनाने के भारत के फैसले की ऑस्ट्रेलिया में सराहना की गई है, जिसका भारत के मसूर आयात में सबसे ज्यादा हिस्सा है। ऑस्ट्रेलियाई किसान बेहतर रिटर्न पाकर खुश हैं और अपने स्टॉक को लिक्विडेट कर रहे हैं।

मजदूरों से भरा पिकअप वाहन सिंध नदी में गिरा
4 की मौत, डेढ़ दर्जन घायल

शिवपुरी। शिवपुरी जिले के कोलारस थानांतर्गत ग्राम हीरापुर के पास मजदूरों से भरा एक पिकअप वाहन रात करीब दो बजे अनियंत्रित होकर सिंध नदी में गिर गया। हादसे में चार मजदूरों की मौत हो गई, जबकि करीब डेढ़ दर्जन मजदूर घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह वाहन बंगाल से आई मजदूरों की खेप को लेकर निर्माण साइट पर जा रहा था, तभी यह हादसा घटित हुआ। शिवपुरी में पड़ोरा से पिछोर सड़क का निर्माण कार्य चल रहा है। निर्माण कार्य में लगी डीसीसी कंपनी ने ग्राम वीरा के पास बन रहे पुल के निर्माण के लिए मजदूर पश्चिम बंगाल के किशनगंज से बुलाए गए थे। यह मजदूर सोमवार की रात रेलमार्ग से झांसी पहुंचे और वहां से बस में सवार होकर शिवपुरी के ग्राम पड़ोरा पहुंचे। पड़ोरा पर कंपनी का पिकअप वाहन इन मजदूरों को लेने पड़ोरा पहुंचा। जिसमें सवार होकर सभी मजदूर जब काम करने के लिए साइट पर जा रहे थे, तभी अचानक वाहन अनियंत्रित होकर सिंध नदी में गिर गया। हादसे में पिकअप वाहन में सवार चार मजदूरों की मौत हो गई।

जबकि डेढ़ दर्जन घायल हो गए। सभी घायलों को जिला अस्पताल लाया गया है। मृतकों में से तीन लोगों की पहचान हामिद मोहम्मद अब्दुल्ला पुत्र मुजारक निवासी सिरसी, खहुल आमीन पुत्र अब्दुल रहमान निवासी सिरसी, हाकिम पुत्र मुस्तफा निवासी चाकुलिया पश्चिम बंगाल के रूप में की गई है। फिलहाल एक मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी है।

मुंबई में अंडरवर्ल्ड से जुड़े ठिकानों पर ईडी का बड़ा सर्च ऑपरेशन
दाऊद की बहन के घर पर भी छापेमारी

मुंबई। मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय(ईडी) ने मुंबई में अंडरवर्ल्ड से जुड़े लोगों के ठिकानों पर ताबड़तोड़ छापेमारी कर रही है। समाचार एजेंसी के अनुसार ईडी ने दाऊद इब्राहिम की बहन हसीना पारकर के मुंबई स्थित आवास पर भी छापेमारी की है। इसके अलावा ईडी ऐसे कई नेताओं के घर पर छापेमारी कर रही है जिनके तार डी कंपनी से जुड़े हुए हैं। एजेंसी ऐसे नेताओं की प्रॉपर्टी और अवैध निकासी से संबंधित केस की जांच कर रही है।

प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारी के अनुसार कुल दस ठिकानों पर छापेमारी की गई है और धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की धाराओं के तहत कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि एक राजनेता से जुड़े कुछ परिसरों को भी कवर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ईडी की कार्रवाई राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) द्वारा हाल ही में दर्ज की गई एक प्राथमिकी और पूर्व एजेंसी को मिली कुछ खुफिया सूचनाओं पर आधारित है। आपको बता दें कि महाराष्ट्र की राजधानी में लगभग 10 स्थानों पर तलाशी ली जा रही है। यह कार्रवाई धन शोधन निवारण कानून (पीएमएलए) के अंतर्गत की जा रही है। सूत्रों ने बताया कि एक नेता से जुडे कुछ परिसरों पर भी छापा मारा गया है।

अब लासा बुखार का खतरा
यूके में हो चुकी एक मौत

नई दिल्ली। देश और दुनिया में कोरोना महामारी कमजोर पड़ रही है। जिंदगी पटरी पर लौट रही रही है कि एक और खतरे की आहट सुनाई दे रही है। ताजा खबर ब्रिटेन से आ रही है। यहां लासा बुखार के तीन केस सामने आने के बाद हड़कंप मच गया है। चिंता बढ़ाने वाली बात यह भी है कि बीती 11 फरवरी को इनमें से एक मरीज की मौत हो गई। ख्ुह्यह्यड्ड द्धद्ग1द्दह्ल के इन मामलों को पश्चिम अफ्रीकी देशों की यात्रा से जोड़ा गया है। नाइजीरिया में लासा नामक एक जगह है जहां इस वायरस का पहला केस सामने आया था। यही कारण है कि इस बुकार को लासा नाम दिया गया है।

जानिए क्या है लासा वायरस

अब तक की जानकारी के मुताबिक, अब तक ख्ुह्यह्यड्ड द्धद्ग1द्दह्ल से जुड़ी मृत्यु दर बहुत कम यानी लगभग एक प्रतिशत है। हालांकि कुछ मरीजों में मृत्यु दर अधिक पाई गई हैं। खासतौर पर गर्भवती महिलाओं में इसका खतरा अधिक है। यूरोपियन सेंटर फॉर डिजीज प्रिवेंशन एंड कंट्रोल के अनुसार, लगभग 80 प्रतिशत मामले स्पर्शोन्मुख यानी असिम्पटोमैटिक हैं और इसलिए बीमारी का पता लगाना और इलाज करना मुश्किल हो रहा है। कुछ रोगियों को अस्पताल में भर्ती करने की जरूरत पड़ सकती है, क्योंकि इलाज नहीं मिलने पर उनमें गंभीर बहु-प्रणाली रोग विकसित होने की आशंका होती है। अस्पताल में भर्ती मरीजों में से पंद्रह फीसदी की मौत हो सकती है।

चूहों से फैलता है लासा बुखार

लासा बुखार पैदा करने वाला वायरस पश्चिम अफ्रीका में पाया गया है। पहली बार 1969 में लासा का मरीज नाइजीरिया में पाया गया था। नाइजीरिया में दो नर्सों की मौत के बाद इस बीमारी का पता चला था। लासा संक्रमण चूहों से फैलता है। मुख्य रूप से सिएरा लियोन, लाइबेरिया, गिनी और नाइजीरिया सहित पश्चिम अफ्रीका के देशों में पाया जाता है। संक्रमित चूहे के मूत्र या मल से दूषित भोजन या घरेलू सामान के संपर्क में आने पर यह संक्रमण इन्सानों में फैल जाता है। इसके बाद यह बीमारी इन्सानों से इन्सानों में फैल सकती है। यदि कोई व्यक्ति संक्रमित मरीज की आंख, नाक या मुंह से निकने वाले तरल पदार्थ के सम्पर्क में आता है। तो उसे भी बीमारी हो सकती है।

दो दिन की भारी गिरावट के बाद शेयर बाजार में मामूली बढ़त

नई दिल्ली। मिले जुले ग्लोबल संकेतों के बीच आज भारतीय बाजारों की बढ़त के साथ शुरुआत हुई है। आज सेंसेक्स 56,731.56 वहीं निफ्टी 16,933.25 अंक पर खुला। 9.20 बजे 479.55 पॉइंट की बढ़त के साथ 56,885.39 पर कारोबार कर रहा है। निफ्टी 136.20 अंको की बढ़त के साथ 16,979.00 पर कारोबार कर रहा है। इससे पहले कल बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का सेंसेक्स 1,747 पॉइंट्स (3त्न) टूटकर 56,405 और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 531 अंक (3.06%) गिर कर 16,842 पर बंद हुआ

आज मिलेगा बच्चों का नया टीका

नई दिल्ली। केंद्र सरकार को कोर्बेवैक्स टीके की पहली खेप आज मिल जाएगी। इसके साथ ही अब 12 से 18 साल के बच्चों के लिए नया टीका मिल जाएगा। अभी 15 से 18 साल तक के बच्चों को कोवाक्सिन की खुराक दी जा रही है। बॉयोलॉजिकल ई द्वारा 12 से 18 साल तक के बच्चों के लिए विकसित इस कोरोना वैक्सीन की 30 करोड़ खुराक सरकार खरीद रही है। इनकी खरीदी का आर्डर अगस्त 2021 में दिया गया था।बॉयोलॉजिकल ई अपने टीके कोर्बेवैक्स की 25 करोड़ खुराक का उत्पादन कर चुकी है। वह कुछ सप्ताहों में बचे डोज भी तैयार कर लेगी। हैदराबाद की कंपनी बॉयोलॉजिकल ई को इन टीकों की खरीदी के लिए सरकार ने पिछले साल 1500 करोड़ का अग्रिम भुगतान किया था। एक दिन पहले ही भारतीय दवा नियंत्रक ने 12 से 18 साल तक के बच्चों के लिए कोर्बेवैक्स टीके के आपात इस्तेमाल की इजाजत दी है।

कोर्बेवैक्स की पहली खेप सौंपी जाएग

राजीव टंडन तीन महीने के लिए बनाए जा सकते हैं प्रभारी पुलिस महानिदेशक

भोपाल।मध्य प्रदेश के पुलिस महानिदेशक विवेक जौहरी चार मार्च को सेवानिवृत्त हो जाएंगे। नए पुलिस महानिदेशक के लिए 1987 बैच के आइपीएस अधिकारी सुधीर सक्सेना सबसे प्रबल दावेदार हैं।

उनके नाम को लेकर सभी स्तर पर सहमति भी है लेकिन इसे जब तक अंतिम रूप नहीं दे दिया जाता है तब तक प्रभारी पुलिस महानिदेशक की नियुक्ति की जा सकती है। इसके लिए राजीव टंडन का नाम सामने आ रहा है। वे मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के भरोसेमंद अधिकारियों में हैं और तीन माह में सेवानिवृत्त हो जाएंगे। इस

बीच में सरकार पुलिस महानिदेशक का चयन करने के लिए विधिवत प्रस्ताव संघ लोक सेवा आयोग को भेजकर चयन सूची को अंतिम रूप दिलाया जाएगा। तीन नामों की सूची में से मुख्यमंत्री अंतिम चयन करेंगे। सामान्यत~ पुलिस महानिदेशक का चयन करने के लिए संघ लोक सेवा आयोग को तीन माह पहले प्रस्ताव भेज दिया जाना चाहिए। इस हिसाब से दिसंबर में प्रस्ताव भेज दिया जाना चाहिए था। उच्च पदस्थ सूत्रों का कहना है कि गृह विभाग ने प्रस्ताव तैयार करके मुख्यमंत्री सचिवालय को भेज था पर सरकार की प्राथमिकता में कोरोना संक्रमण पर नियंत्रण सहित अन्य कार्य थे। यही वजह रही कि अभी तक प्रस्ताव नहीं भेजा गया है। इंटरनेट मीडिया पर जब प्रस्ताव भेजे जाने संबंधी खबर चली तो गृह विभाग ने स्थिति साफ की और बताया कि उच्च स्तर पर संघ लोक सेवा आयोग को प्रस्ताव भेजने का प्रकरण विचाराधीन होने से अभी नहीं भेजा गया है। माना जा रहा है कि 1988 बैच के अधिकारी राजीव कुमार टंडन को नए पुलिस महानिदेशक का चयन होने तक प्रभारी बनाया जा सकता है।

दतिया कॉलेज में हिजाब पर हुआ हंगामा

दतिया। कर्नाटक से शुरू हुआ हिजाब का विवाद मध्य प्रदेश के ग्वालियर तक पहुंच गया है। सोमवार को ग्वालियर के दतिया कॉलेज में उस समय हंगामा हो गया जब दो छात्राएं हिजाब पहने नजर आईं। जब इसकी सूचना हिंदू संगठनों को मिली तो हिंदू संगठन के कार्यकर्ता कॉलेज पहुंच गए और उसके बाद उन्होंने जमकर हंगामा किया। हिंदू संगठनों के प्रदर्शन को देख कॉलेज प्राचार्य ने आनन फानन कॉलेज की दीवार पर सामान्य ड्रेस में आने का नोटिस चस्पा कर दिया।दरअसल वैलेंटाइन डे के मौके पर हिंदू संगठन के कार्यकर्ता जगह घूम रहे थे। इसी दौरान ये कार्यकर्ता दतिया पीजी कॉलेज में पहुंच गये और जब उन्होंने वहां दो छात्राओं को हिजाब में देखा तो विरोध करते हुए हंगामा कर दिया। हंगामे को देखकर प्राचार्य ने नोटिस चस्पा करते हुए कहा कि कोई भी कॉलेज में नकाब-बुर्का पहनकर नहीं आएगा।

विरोध के बाद प्रिसिंपल ने लगाया ड्रेस कोडज वाला नोटिस

कटनी, मंडला, जबलपुर, भोपाल, नरसिंहपुर, सिवनी से एक साथ प्रकाशित

हर पल मौत से सामना..

स्लीमनाबाद टनल हादसे में बचे श्रमिकों की जुबानी, दो साथियों के बिछड़ने का दुख

कटनी। सुरंग हादसे में दो मजदूरों को बचाया नहीं जा सका लेकिन राहत की बात है कि इस हादसे में 7 मजदूरों को सकुशन निकाल लिया गया। हादसे में बचने के बाद मजदूरों को जिला चिकित्सालय भिजवाया गया जहां उनका इलाज जारी चल रहा है सभी ठीक हैं। यहां जब इन श्रमिकों से बात की गई तो हादसे की आंखों देखी सुनकर किसी का भी दिल सिहर जाए। निर्माणाधीन सुरंग के अचानक धंसने से इसके मलबे से सुरक्षित बचाये गये मजदूर मोतीलाल कोल ने कहा कि उसने जीवित बाहर निकलने की सभी उम्मीदें छोड़ दी थी और मलबे में नीचे फंसे एक अन्य मजदूर से कहा था कि यदि वह मर जाता है तो उसकी मां को ढाढ़स बंधवाना और उसे शांत रहने को कहना. कोल ने रविवार को कटनी जिला अस्पताल में रूंधे गले से कहा, ''मैंने अपने दोस्त नंदकुमार यादव से कहा था कि वह मेरी मां को बताए कि मैं अगले जन्म में उनकी कोख से ही पैदा होऊंगा। शनिवार को सुरंग धंसने की इस घटना को याद करते हुए मध्यप्रदेश के सिंगरौली जिले के निवासी कोल (30) ने कहा, ''शाम करीब सात बजे मैं एवं मेरे साथी सुरंग के अंदर थे और सुरंग के ऊपर जमीन पर जो लोग काम कर रहे थे, वे मजदूरों को भागने के लिए कह रहे थे. इसी बीच सुरंग धंसने लगी। उन्होंने कहा कि यह देख मैं एवं मेरे साथी भी अपने-अपने को बचाने के लिए दीवार की तरफ भागे, ताकि उसकी आड़ में बच जायें। कोल ने बताया कि पल भर में ही इस सुरंग का एक हिस्सा धंस गया। मुझे और यादव को लगा कि अब हम जीवित नहीं बचेंगे. इसी दौरान, ऊपर जमीन पर मौजूद लोगों ने हमसे पूछा कि क्या तुम्हें पीने के लिए पानी की जरूरत है? लेकिन मैंने पानी के लिए मना कर दिया और उनसे अनुरोध किया कि सुरंग में ऑक्सीजन भेजो। तड़के करीब चार बजे हम दोनों को एक-एक कर बचा लिया गया। सिंगरौली के रहने वाले यादव (32) ने कहा कि जब मैं सुरंग में फंसा हुआ था, तब मुझे लग रहा था कि मैं अब बच नहीं पाऊंगा। जीवित बचे विजय कोल (35) और इंद्रमणी कोल (30) ने भी इसी तरह के अनुभव साझा किया. चारों जीवित बचे लोगों ने कहा कि उन्होंने सुरंग के अंदर फंसे होने के दौरान एक-दूसरे को ढाढ़स बंधाने की कोशिश की। इन चार लोगों के अलावा, तीन अन्य लोगों को भी अब तक सुरक्षित बचाया गया है, जबकि सुरंग में लोग सिंगरौली जिले के गोरेलाल कोल और महाराष्ट्र के नागपुर के रवि (सुपरवाइजर)को नहीं बचाया जा सका।

बचाये गये मजदूरों ने कहा कि उन्होंने गोरे लाल और रवि की आवाज सुरंग के अंदर नहीं सुनी। इस पूरे घटनाक्रम में पूरे वक्त मौजूद रहे बहोरीबंद के विधायक प्रणय पांडे ने कहा कि सभी मजदूर सुरक्षित रहते लेकिन क्या करें। उन्होंने बताया कि इस पूरी घटना की जानकारी मुख्यमंत्री भाजपा प्रदेशाध्यक्ष आदि पूरे समय लेते रहे। सभी के प्रयास से बचाच कार्य तेज हुआ और 7 लोगों को बचाया जा सका। अलबत्ता दुख है कि दो लोगों को नहीं बचाया जा सका।

पल-पल बदलता मौसम, बसंत में पहले कभी नहीं दिखा ऐसा परिवर्तन, लोग हैरान

कटनी। मौसम को लेकर कोई कुछ भी नहीं कह सकता। एक दिन ठंड तो दूसरें दिन गर्मी, कभी बादल तो कभी तेज चटक धूप कुछ इस तरह बीत रहा है फरवरी माह मौसम में बसंत रितु के दौरान परिवर्तन तो लोगों ने हमेशा देखा है लेकिन इस तरह का परिवर्तन नहीं दिखा। कुछ घंटों में ही अचानक सर्द हवाएं चलने लगती हैं तो कभी ऐसा प्रतीत होता है जैसे गर्मी का समय आ गया हो। लोग घर से निकलते हैं तो गर्म कपड़ा गर्मी के कारण छोड़ देते हैं लेकिन कुछ ही देर में ठंड लगने लगती है बहरहाल आज भी मौसम की यही स्थिति देखने को मिली । मौसम का मिजाज मंगलवार को बदल गया। सुबह धूप निकलने के कुछ देर बाद आसमान में बादल छा गए। सुबह 10 बजे से बादल छाए रहे। ठंडे मौसम के बीच तापमान फिर से बढ़ गया। बदलते मौसम के बीच दिन का न्यूनतम तापमान 8.1 डिग्री और अधिकतम तापमान 25.2 डिग्री सेल्सियस पर था। पूरे दिन सूर्य देवता का लुकाछिपी का खेल चलता रहा। कृषि विज्ञान केंद्र मिली जानकारी के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ बना है। इसलिए ऐसा मौसम हो रहा है। अभी दो दिन लोगों को इसी तरह के मौसम का सामना करना पड़ेगा। आज कुछ स्थानों पर बारिश के आसार हैं। बुधवार सुबह धीरे-धीरे मौसम खुलेगा, लेकिन ठंड रहेगी।

तापमान में लगातार हो रहा उतार चढ़ाव

पिछले दिनों से जिले सहित शहर के तापमान में पिछले सप्ताह से उतार-चढ़ाव हो रहा है। पिछले दिनों हुई बारिश के कारण वातावरण में काफी ठंडक घुल गई थी। इसके बाद मौसम साफ होने पर लोगों ने राहत की सांस ली थी लेकिन शनिवार को फिर पूरे दिन सूरज की आंख मिचौली चली। कड़ाके की ठंड के बीच लोगों ने ठिठुरन से बचने के लिए अलाव का सहारा लिया। जिले में बढ़ती ठंड के साथ अब धुंध की चादर भी गहरी होती जा रही है।

समाधान योजना से नहीं हो पा रहा समाधान

कटनी। कटनी जिले में बिजली के बिलों को लेकर कई शिकायतें सामने आ रहीं हैं। कोरोना संक्रमण की पहली लहर में लगे लॉकडाउन के दौरान के अस्थगित किए गए बिजली बिल के लिए प्रदेश शासन की समाधान योजना उपभोक्ताओं को रास नहीं आई। इसका एक कारण अनाप-शनाप बिलिंग मानी जा रही है। मनमाने बिजली बिल से परेशान उपभोक्ता कलेक्टर की जनसुनवाई से लेकर सीएम हेल्पलाइन तक शिकायतें दर्ज करा रहे हैं पर उन्हे कहीं राहत नहीं मिल रही है। समाधान योजना के नाम पर शासन ने विद्युत वितरण कंपनी की माली हालत सुधारने का प्रयास किया लेकिन उपभोक्ताओं ने रुचि ही नहीं ली। इस योजना के हश्र का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि जिले में एक लाख 37 हजार उपभोक्ताओं से 60 करोड़ रुपये वसूली का टारगेट था लेकिन उसमें से महज 68 लाख रुपये ही जमा हो पाए। जबकि शासन ने समाधान योजना की अवधि 15 जनवरी से बढ़ाकर 31 जनवरी कर दी थी फिर लोग छूट के बाद भी बकाया बिजली बिल जमा करने आगे नहीं आए। थमा दिया एक लाख, 60 हजार का बिल विद्युत वितरण केन्द्र कटनी शहर के बाबूलाल बजाज को एक लाख, 60 हजार रुपये का बिल दिया गया। श्री बजाज के अनुसार उनके घर का हर माह अधिकतम 200 रुपये बिजली बिल आता था। इस बार एक साथ एक लाख, 60372 रुपये का बिल दे दिया। सीएम हेल्पलाइन में शिकायत करने पर विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारी ने जवाब दर्ज कराया कि शकायतकर्ता की शिकायत अनुसार शिकायतकर्ता की मीटर रीडिंग 17780 एवं खपत 17779 यूनिट का 60327 रुपये का बिल जारी किया गया था। दक्षता रीडिंग की जांच कर बिल में सुधार कर दिया गया था। इस बारे में जनप्रतिनिधियों की चुप्पी भी लोगों को समझ में नहीं आ रही।

जंगली जानवरों को बचाने की कवायद

कटनी-बिलासपुर रेलखंड में जंगल एरिया में अंडरपास बनेंगे

कटनी। कटनी जिला दो दो नेशनल पार्क की सीमाओं से जुड़ा है बांधवगढ़ तथा पन्ना दोनों की जगह बाघों का संरक्षण के लिए प्रयास किये जा रहे हैं। इन्ही प्रयासों के मद्देनजर अब रेलवे ने भी इन स्थानों से गुजरती रेल लाइन से ट्रेन की चपेट में जंगली पशु न आएं ऐसा प्रयाय शुरू किया है। आपको बता दें कि कटनी के बांधवगढ़ फारेस्ट ऐरिया से होकर कटनी से बिलासपुर का बड़ा रेल हिस्सा होकर गुजरता है जहां अक्सर ट्रेने से टकराकर जंगली जानवर मौत के मुंह में समा जाते हैं। ऐसे स्थानों पर रेलवे अब अंडर पास बना रही है। साथ ही जंगल ऐरिया से गुजरी रेल पटरी पर तारों को फेंसिंग भी कराने पर विचार चल रहा है। कटनी-बिलासपुर रेलवे ट्रैक का एक बड़ा हिस्सा उमरिया जिले के सामान्य वनमंडल से होकर गुजरता है। पाली और घुनघुटी के लगभग 20 किलोमीटर जंगल को चीरता हुआ यह रेलवे ट्रैक बाघों के लिए भी खतरा बना हुआ है। इस रेलवे ट्रैक पर घुनघुटी और पाली के बीच कई बाघ, तेंदुए और अन्य जानवर ट्रेनों की चपेट में आ चुके हैं। जंगली जानवरों पर यहां मंडराते खतरे को देखते हुए उनके बचाव के लिए अब रेलवे से अंडरपास बनाने के लिए कहा जा रहा है। अनूपपुर और कटनी के बीच तीसरी लाइन का काम पिछले कई सालों से चल रहा है। रेलवे ने जंगल के पेड़ काटने की अनुमति भी वन विभाग से ली है। वन विभाग ने रेलवे को इसी शर्त पर अनुमति प्रदान की है कि जंगल के क्षेत्र में जहां भी जानवरों की क्रासिंग वाला हिस्सा है वहां रेलवे अंडर पास बनाए ताकि जानवरों को रेलवे ट्रैक क्रास न करना पड़े।

उमरिया वन मंडल के अधिकारियों ने बताया कि इसके लिए रेलवे के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए गए हैं। रेलवे की तीसरी लाइन का काम तो चल रहा है और उस पर अंडरपास बन सकता है लेकिन पुराने रेलवे ट्रैक पर भी अंडर पास बनाए जाने की आवश्यकता वन विभाग ने रेलवे से जाहिर की है। इसके लिए भी वन विभाग के अधिकारियों ने रेलवे को पत्र लिखे हैं। अगर पुराने रेलवे ट्रैक पर भी अंडरपास बन जाता है तो जंगल के जानवर पूरी तरह से सुरिक्षत हो सकते हैं।

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज

रोजाना 3 शो ता. 11 से 12.30, 3.30 एवं सायं 6.30 बजे से

खिलाड़ी

कलाकार- रवि तेजा, मीनाक्षी चौधरी, सचिन खेड़ेकर, मुकेश ऋषि आदि।

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 3 शो ता. 11 से 1,4 एवं सायं 7 बजे से

बधाई दो

कलाकार- राजकुमार राव, भूमि पेडनेकर शीबा चड्डा, हनी यादव आदि।

यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोनः- 230033

ग्रामीण क्षेत्रों में गंभीर जल संकट

शहर में तो वैकल्पिक व्यवस्था लेकिन गांव में सिर्फ प्राकृतिक साधन ही उपाय

कटनी। कटनी के ग्रामीण क्षेत्रों में गंभीर पेयजल संकट शुरू हो चुका है। जमीन का जल स्तर नीचे जाने से समस्या गंभीर हो रही है। कटनी की सभी तहसीलों में जल संकट की दस्तक शुरू हो गई हैं तो कुछ स्थानों पर यह संकट गंभीर हो गया है। जिले के पठार क्षेत्र अर्थात बहोरीबंद, बाकल रीठी आदि क्षेत्र में पहले ही भूजल स्तर कम रहता है। पहाड़ी क्षेत्र होने के कारण यहां पानी की समस्या पूरे साल रहती है लेकिन इस बार यह समस्या गर्मी के पहले ही दिखने लगी है। नदी तालाब पोखर तो सूखे ही हैं यहां पर लोगों के घरों में लगे बोरवेल भी बंद होने लगे हैं। आपको बता दें कि यह क्षेत्र बुंदेलखंड से जुड़ा वह क्षेत्र है जहां पानी का संकट सैकड़ों साल से बना हुआ है। फिलहाल इस क्षेत्र में बरगी दांसी तट नहर का काम चल रहा है लेकिन इससे इस क्षेत्र को पानी के संकट में कितना लाभ मिलेगा यह तय नहीं है। इसी क्षेत्र से लगी परियोजना केन बेतवा को भी मंजूरी मिल गई है लेकिन यह योजना भी पठार क्षेत्र के लिए नहीं है। मतलब साफ है कि जिले के ग्रामीण क्षेत्र सिर्फ बारिश पर ही निर्भर है। इस गर्मी के पहले ही ये पेयजल की समस्या फरवरी में ही शुरू हुई थी लेकिन स्थानीय प्रशासन की ओर से उस पर सम्यक ध्यान न देने के कारण समस्या सुलझने के बजाय और बढ़ती ही गई। हाल ये है कि न तो टंकी का पानी मिल रहा न नलकूप का। हैंडपंप से हवा निकल रही है। ऐसे में ये नागरिक जाएं तो कहां जाएं? ऐसे में अब ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर प्रियंक मिश्रा से गांव में पानी की समस्या का निराकरण करने की मांग की है। जिले की कई विकासखंडों में गांव की हालत निरंतर बिगड़ रही है। कहने को यहां नलकूप लगे हैं। कई गांवों में पानी की टंकी भी बनी है लेकिन किसी से भी जलापूर्ति नहीं हो रही। ग्रामीण बताते हैं कि इलाके में लगे हैंडपंप का हाल ये है कि एक पर बहुत जोर लगाने पर केवल एक धार निकलती है बाकी दो से तो केवल हवा ही निकलती है। ऐसे में प्यास बुझाने के लिए गांव के कुछ बड़े लोगों के यहां की निजी बोरिग से ही थोड़ा बहुत पानी ले पा रहे हैं। ग्रामीण बताते हैं कि पंचायत में जिम्मेदार प्रतिनिधि पानी की समस्या को लेकर गंभीर नहीं है। पिछले कई सप्ताह से यह समस्या और भी गंभीर हो गई है।। पानी का इंतजाम करने के लिए काम-धंधा छोडकर जुटना पड़ता है। बीते दिन की सुबह तो हालत इतने खराब थे कि लोग सुबह से डिब्बा बाल्टी लेकर पानी के लिए कतारों में खडे रहे। पूछने पर बताया कि पंचायत प्रतिनिधि से कई बार कहा गया पर कोई सुनवाई ही नहीं हो रही।

सागर पुलिया पर सुबह- सुबह जाम, जनता परेशान

कटनी। जाम की समस्या दिनों दिन गंभीर होती जा रही है। कटनी के मिशन चौक के पास सागर पुलिया में एक बार फिर जाम लग गया। जाम का कारण वाहनों का दबाव अधिक होना था। पुलिया के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लगी हुई थी। यातायात पुलिस कर्मी जाम को खुलवाने के लिए लगातार प्रयास करते नजर आए। यातायात पुलिस कर्मियों की काफी मशक्कत के बाद मिशन चैक सागर पुलिया पर वाहनों का आना-जान सामान्य हुआ। मिशन चौक सागर पुलिया से होकर ही लोग बरगवां, कटनी साउथ स्टेशन और कलेक्ट्रेट की ओर जाते हैं। दोपहर के समय वाहनों का दबाव अधिक होने से यहां पर जाम की स्थित आमतौर पर निर्मित हो जाती है।

व्यस्त मार्गों में निकलना हुआ मुश्किल

कटनी साउथ, कलेक्ट्रेट, चांडक चौक और सुभाष चौक की ओर से वाहनों का आना- जाना रहता है। सभी वाहन मिशन चैक सागर पुलिया से होकर ही गुजरते हैं। वाहनों के दबाव के कारण ही हर दिन मिशन चैक सागर पुलिया पर जाम लगता है। हालांकि यातायात पुलिस कर्मी यहां पर तैनात किए जाते हैं, ताकि जाम लगने की स्थिति में उसे खुलवाने का प्रयास किए जाएं और मिशन चैक सागर पुलिया पर आवागमन सामान्य हो सके।जाम से निजात पाने के लिए एक आरओबी का निर्माण भी कराया जा रहा हैं। आरओबी के निर्माण पूरा जाने के बाद मिशन चैक सागर पुलिया से गुजरने वाले वाहनों का दबाव कम हो जाएगा। जिससे जाम की स्थित मिशन चौक सागर पुलिया पर कम ही देखने को मिलेगी।

नीरज सिनेप्लेक्स में

ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 3 शो ता. 11 से 12,3 एवं सायं 6 बजे से

खिलाड़ी

(हिन्दी में)

कलाकार- रवि तेजा, मीनाक्षी चौधरी, सचिन खेड़ेकर, मुकेश ऋषि आदि।

टिकट दर- बॉक्स- 120/-, बालकनी क्लास- 100/- अपर क्लास-80/-, लोवर क्लास -60/-

यश भारत

सिटी न्यूज

कटनी, मंगलवार, 15 फरवरी 2022

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT -Epaper

जालपा मढ़िया की चुनरी शोभायात्रा में उमड़े श्रद्धालु

देवीगीतों से देर शाम तक गुंजायमान होता रहा शहर, जालपा देवी मढ़िया में विराजमान मां चौसठ योगिनी की स्थापना की वर्षगांठ पर आयोजन

कटनी। शहर के प्रमुख आस्था के केन्द्र मां जालपा मढ़िया में विराजमान चौसठ योगिनी की स्थापना और महाआरती की वर्षगांठ के अवसर पर कल शहर में भव्य चुनरी यात्रा निकाली गई। सोमवार की शाम मेन रोड स्थित दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर से शुरू हुई चुनरी शोभायात्रा में बड़ी सं या में श्रद्धालुओं ने शामिल होकर पुण्यलाभ अर्जित किया। इस दौरान देवीगीतों की शानदार प्रस्तुति से सारा आलम गूंज उठा। बैंण्डबाजों की करतल ध्वनि में श्रद्धालु झमते-नाचते हुए चल रहे थे। मां को अर्पित की जाने वाली चुनरी के दर्शन व पकड़कर कुछ कदम चलने की होड़ श्रद्धालुओं में दिखी। मां जालपा के जयकारों से सड़कें देर शाम तक गुंजायमान होती रही। नगर के प्रमुख शक्तिपीठ मां जालपा देवी मंदिर में विराजमान मां चौसठ योगिनी की स्थापना वर्षगांठ हर साल की तरह इस साल भी धूमधाम से मनाई गई। चुनरी शोभायात्रा जैसे ही शुरू हुई, पूरा मार्ग माता के जयकारों से गूंज उठा। शोभायात्रा में अपार श्रद्धा भक्ति का सैलाब उमड़ पड़ा। महिला हो या पुरुष, सभी जयकारे लगाते चल रहे थे। चुनरी शोभायात्रा का रास्ते में जगह-जगह स्वागत किया गया। शोभायात्रा दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर से प्रारंभ होकर सुभाष चौक, कपड़ा बाजार, झंडा बाजार, शेर चौक, आजाद चौक, जगन्नाथ चौक होते हुए जालपा मंदिर पहुंची, जहां पर भक्तिभाव के साथ मातारानी को चुनरी व श्रृंगार भेंट किया गया। प्रसाद वितरण के साथ समापन हुआ। इससे पूर्व 13 फरवरी से जालपा मंदिर परिसर में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए थे। मां जालपा मंदिर के प्रमुख पुजारी लाल पंडा महाराज ने बताया कि मां चौसठ योगनी की नवमी वर्षगांठ एवं महाआरती के 17 वर्ष पूरे होने पर 13 फरवरी से कार्यक्रम शुरू हुए। लालजी पंडा ने बताया कि 13 फरवरी रविवार को सुबह 9 बजे से जालपा मंदिर परिसर में पूजन, अर्चन कार्यक्रम यजमानों द्वारा किया गया।

एनएसयूआई ने ज्ञापन सौंपकर की मांग

तिलक कॉलेज में कराया जाए वार्षिकोत्सव

कटनी। एनएसयूआई के राष्ट्रीय समन्यवक जिलाध्यक्ष अंशू मिश्रा के निर्देश पर तिलक कॉलेज एनएसयूआई द्वारा विभिन्न मांगों को लेकर शांतिपूर्ण तरीके से ज्ञापन दिया गया, जिसमें मुख्य मांग हर वर्ष की भांति इस बार भी वार्षिकोत्सव का आयोजन कराया जाए एवं तिलक कॉलेज में साफ सफाई पर भी ध्यान दिया जाए। परीक्षा तिथि को आगे बढ़ाया जाए। जिसमे ज्ञापन सौंपते समय एनएसयूआई जिला प्रवक्ता विकास दुबे, उपाध्यक्ष आशीष चतुर्वेदी, प्रमोद कहार, आशीष पाली, निवेदिता द्विवेदी, अभय तिवारी, रॉबिन बर्मन, सौरभ पाण्डेय, तेजस्वी गुप्ता, अखिलेश पटेल, राहुल सिंह, शिवम बर्मन, करन यादव, सत्यम, विशाल कोरी एवं एनएसयूआई के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

आवारा कुत्तों की संख्या को नियंत्रित करने हेतु नसबंदी अभियान शुरू

कटनी। नागरिकों की सुविधा एवं सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए शहर में बढ रही आवारा कुत्तों की संख्या को नियंत्रित करनें के उद्धेश्य से नगर निगम कटनी द्वारा पशु क्रूरता अधिनियम 1960 के नियमों का पालन करते हुए आवारा कुत्तों की नसबंदी का अभियान प्रारंभ किया गया है। इस संबंध मे प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी नें जानकारी देते हुए बताया कि विगत दिवस आयोजित पशु क्रूरता समिति एवं टी.एल बैठक में दिये गए निर्देशों के परिपालन एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के मार्गदर्शन में नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते आवारा कुत्तों की नसबंदी हेतु योजना तैयार की जाकर निविदा आदि की कार्यवाही पूर्ण करानें के उपरान्त आज से अभियान के माध्यम से आवारा कुत्तों को पकडनें का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। नियुक्त एन.जी.ओ ऐजेंसी द्वारा नगर के महात्मा गांधी वार्ड स्थित गांधीगंज क्षेत्र एवं माधवनगर स्थित शुभ सिटी सहित नगर स्थलों में अभियान चलाकर आवारा कुत्तों को पकडनें का कार्य किया जा रहा है। प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी नें बताया कि शहरी सीमान्तर्गत आवारा कुत्तों को पकडनें के लिए नगरनिगम की टीम सक्रिय हो गई है आपनें नागरिकों से अपनें पालतू कुत्तों को घर पर ही बांधकर रखनें की अपील की है।

विजयराघवगढ़ में श्रमिकों के लिये आयोजित किया गया मॉकड्रिल

कटनी। नगरीय विकास एवं आवास उपक्रम मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी की जबलपुर इकाई द्वारा कटनी जिले के विजयराघवगढ़ में श्रमिकों के लिए मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। इस दौरान श्रमिकों को उंचाई पर सुरक्षा के गुण सिखाए गए। साथ ही दुर्घटना होने पर आपातकालीन स्थिति से निपटने की जानकारी भी दी गई। इस अवसर पर जबलपुर इकाई की सामुदायिक विकास अधिकारी अपराजिता मिश्रा एवं सचिन लोखण्डे ने श्रमिकों को प्रशिक्षण दिया। उल्लेखनीय है कि विजयराघोगढ़ में एशियन डेवलपमेंट बैंक के सहयोग से जल प्रदाय परियोजना का कार्य प्रगति पर है।

समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने लंबित पत्रों की समीक्षा कर दिए दिशा निर्देश

आंगनबाड़ी गोद लेने वालों को भी अभियान से जोड़ें- कलेक्टर

कटनी। जिले में 15 फरवरी से 28 फरवरी तक सघन पोषण पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है। जिसमें बच्चों का वजन कराया जाएगा। इस अभियान में उन सभी को शामिल करें, जिन जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों व अन्य जनों ने आंगनबाड़ी केन्द्रों को गोद लिया है। जिले में बनाए गए नोडल अधिकारी भी फील्ड के भ्रमण के दौरान आंगनबाड़ी केन्द्रों में जाकर अभियान का निरीक्षण करें। यह निर्देश कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित समय सीमा की बैठक के दौरान दिए। कलेक्टर श्री मिश्रा ने महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों से सघन पोषण पखवाड़ा की तैयारी की जानकारी भी ली और अधिक से अधिक बच्चों का अभियान में वजन हो, इस बात के भी निर्देश दिए। कलेक्टर श्री मिश्रा ने न्यायालीन प्रकरणों की भी समीक्षा की। साथ ही निर्देश दिए कि सभी जिला कार्यालय में न्यायालीन पंजी का संधारण करें, जिसमें ओवाईसी की जानकारी दर्ज हो। पत्र में जवाब प्रस्तुत न करने वालों को नोटिस जारी करने के निर्देश बैठक में कलेक्टर श्री मिश्रा ने प्रदान किए। रबी सीजन के उर्पाजन के लिए दतिया मॉडल पर काम करने के निर्देश प्रदान करते हुए कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि दतिया मॉडल को समझें और उसके आधार पर हम जिले में क्या कर सकते हैं, उसको शामिल किया जाए। टीएल बैठक में नवीन कॉलेज भवनों व स्कूल भवनों में इलेक्ट्रिक कार्य के लिए शिक्षा विभाग, बिजली विभाग व अन्य संबंधित विभागों से आपस में बैठकर समन्वय बनाते हुए जल्द से जल्द बिजली कनेक्शन उपलब्ध कराने के निर्देश कलेक्टर श्री मिश्रा ने बैठक में दिए। इसके अलावा श्रमिकों की सुरक्षा व बीमा आदि से जुड़ी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करने और बड़े ठेकेदारों की बैठक बुलाकर उनसे चर्चा करने व श्रमिकों को योजनाओं से जोड़ने के लिए प्रेरित करने के निर्देश भी बैठक में प्रदान किए गए। बैठक में कलेक्टर श्री मिश्रा ने सीएम हेल्पलाइन, 100 दिवस, 300 दिवस, सीएम हाउस, सीएम मॉनिट के प्रकरणों की समीक्षा करते हुए समय सीमा में उनका निराकरण करने के निर्देश प्रदान किए। साथ ही लंबित पत्रों की भी समीक्षा की और उनका निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ जगदीश चंद्र गोमे, अपर कलेक्टर रोमानुस टोप्पो सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी मौजूद थे।

12 मार्च को आयोजित होगी नेशनल लोक अदालत

कटनी। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कटनी श्यामाचरण उपाध्याय के मार्गदर्शन में, जिला न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कटनी दिनेश कुमार नोटिया के दिशा-निर्देशन में जिले के समस्त न्यायालयों एवं अन्य विभागों में 12 मार्च 2022 दिन शनिवार को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाना है। नेशनल लोक अदालत की तैयारी वृहद स्तर पर की जा रही है। इस लोक अदालत में प्री-लिटिगेशन एवं न्यायालय में लंबित राजीनामा योग्य प्रकरणों का अधिक से अधिक संख्या में निराकरण किया जाना है, जिस हेतु प्रधान जिला न्यायाधीश द्वारा सभी न्यायाधीशों को राजीनामा योग्य समस्त प्रकरणों को चिन्हित करने एवं निराकरण हेतु आवश्यक कदम उठाये जाने के निर्देश दिये गये हैं। नेशनल लोक अदालत में नगर पालिका निगम के प्रकरणों में संपत्ति कर, जल कर एवं विद्युत प्रकरणों में शासन द्वारा अधिक से अधिक छूट प्रदाय की जावेगी। नेशनल लोक अदालत में न्यायालयों में आपराधिक, सिविल, विद्युत अधिनियम, श्रम, मोटर दुघर्टना दावा, प्री-लिटिगेशन प्रकरण, निगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट के अंतर्गत चैंक बाउन्स प्रकरण, पारिवारिक विवादों के प्रकरण, ग्राम न्यायालय, राजस्व न्यायालय तथा अन्य समस्त प्रकार के समझौता योग्य प्रकरणों का निराकरण किया जावेगा। पुलिस परामर्श केन्द्र के अंतर्गत घरेलू हिंसा अधिनियम, पारिवारिक/वैवाहिक विवादों के प्री-लिटिगेशन प्रकरणों का भी निराकरण उक्त नेशनल लोक अदालत में किया जाएगा।

एनडीआरएफ, एसडीआरएफटीम लीडर का कलेक्टर ने किया सम्मान

कटनी। स्लीमनाबाद अंडरग्राउंट टनल निर्माण के दौरान हुए हादसे में नौ मजदूरों को बचाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा चलाए गए रेस्क्यू अभियान में सहायता करने वाली एनडीआरएफ, एसडीआरएफकी टीम लीडरों का सोमवार को कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने सहयोग के लिए कार्यालय में सम्मान किया। घटना में सात मजदूरों को जीवित व दो मजदूरों के शव को रेस्क्यू चलाकर टीम ने बाहर निकाला था। कलेक्टर श्री मिश्रा ने डिवीजनल कमांडेंट होमगार्ड जबलपुर आशीष खरे व एनडीआरएफटीम लीडर अस्टिेंट कमांडेंट 11वीं बटालियन बनारस दिनेश कुमार को कटनी स्टोन से निर्मित स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। साथ ही बचाव कार्य में सहयोग करने व सफल रेस्क्यू के लिए आभार व्यक्त किया। इस दौरान अपर कलेक्टर रोमानुस टोप्पो भी मौजूद थे।

पंचकल्याणक महोत्सव एवं विश्व शांति महायज्ञ

कटनी। इस युग के महान संत चर्या शिरोमणि समाधि सम्राट प्रातः स्मरणीय संत शिरोमणि आचार्य गुरुवर विद्यासागर जी महाराज के परम सानिध्य में होने जा रहे सहस्त्रार वर्ष पश्चात इतने महान संघ के साथ आचार्य कुंदकुंद भगवान के बाद कितने विशाल संघ के परम सानिध्य में होने जा रहा भव्य पंचकल्याणक महोत्सव बड़े बाबा के उस विशाल परिसर में जहां पर हजारों वर्ष के लिए जैन संस्कृति को संरक्षित किया जा रहा है ऐसे मंगल मई बेला पर कटनी नगर के श्रावक श्रेष्ठियोंको भी परम सौभाग्य मिला है इस पंचकल्याणक महोत्सव में आचार्य भगवंत परम सानिध्य में अनेकानेक तीर्थंकर भगवान के प्रतिमा का पंचकल्याणक महोत्सव एवं विश्व शांति महायज्ञ प्राण प्रतिष्ठा करने का परम सौभाग्य प्राप्त हुआ। अनुष्ठान में माता-पिता बनने का सौभाग्य सि. प्रेमचंद प्रेमी श्रीमती माया जैन महामंडलेश्वर सुधीर जैन, रीटा जैन, राजेश जैन, मुक्ता जैन, एवं इंद्र सिं. अजित कुमार, किरण जैन, मनोज जैन, प्रीति जैन, स.सि. सनत जैन, मधु जैन मयंक जैन दीप्ति जैन को प्राप्त हुआ।

उपनाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं शपथकर्ता राजेश सिंह ठाकुर पिता स्व. श्री उत्तम सिंह ठाकुर जन्म तिथि 10.01.1979 पद माध्यमिक शिक्षक वर्तमान कार्य स्थान शिक्षक शासकीय माध्यमिक शाला तिहारी संकुल केन्द्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय स्लीमनाबाद तहसील बहोरीबंद जिला-कटनी म.प्र. निवासी ग्राम स्लीमनाबाद तहसील बहोरीबंद जिला कटनी ने सेवा अभिलेख में अंकित अपना पूर्व नाम राजेश सिंह घोषी परिवर्तित करके राजेश सिंह ठाकुर कर दिया है जो कि मेरे आधार कार्ड, पेन कार्ड एवं अन्य दस्तावेजों में दर्ज हैं ये दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं। अब मुझे राजेश सिंह ठाकुर पिता स्व. श्री उत्तम सिंह ठाकुर के नाम से जाना पहचाना लिखा एंव पढ़ा जावे तथा समस्त मेरे अभिलेखों, शासकीय आदेशों एवं सेवा अभिलेख में सुधारकर यही नाम दर्ज किया जावे।

पुराना नाम- राजेश सिंह घोषी
नया नाम- राजेश सिंह ठाकुर

कार्यालय कार्यपालन अभियंता (शहर) मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड कटनी

क्रं./का.अभि./शहर/विज्ञा./1074 कटनी दिनांक - 14-02-2022

(E-Mail : eecity2008katni@yahoo.com)

विद्युत प्रवाति

विद्युत प्रदाय बंद रहने की सूचना

माननीय उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि म.प्र.पू.क्षे.वि.वि.कं.लिमि. शहर संभाग कटनी के अंतर्गत 33 के.व्ही. /11 के.व्ही. फीडरों में संधारण कार्य किया जाना है। उक्त कार्य हेतु निम्नानुसार दिनांको में बिजली आपूर्ति समय सुबह 09: 00 बजे से दोपहर 03: 00 बजे तक बंद रखी जाएगी। आवश्यकता पड़ने पर समयावधि घटाई-बढ़ाई जा सकती है। उपभोक्ताओं को होने वाली असुविधा के लिये खेद है।

क्र.	दिनांक	33 के.व्ही. एवं 11 के.व्ही. फीडर	प्रभावित क्षेत्र	सम्बंधित शिकायत केन्द्र
1	16.02.2022	33 के.व्ही. कटाएघाट	33/11 के.व्ही. कटाएघाट उपकेन्द्र से सम्बंधित 11 के.व्ही. फीडर की विद्युत प्रदाय बंद रहेगी।	गणेश चौक 9425807546
2	17.02.2022	33 के.व्ही. एन.के.जे. फीडर	33 के.व्ही. एन.के.जे. फीडर से उपकेन्द्र के समस्त 11 के.व्ही. फीडर एवं रेलवे के तीनों एच टी कनेक्शन साथ ही समस्त एच.टी. उपभोक्ताओं की विद्युत प्रदाय बंद रहेगी।	एन के जे 9425807551
3	18.02.2022	11 के.व्ही. फीडर सामदरिया -2	सामदरिया सिटी एवं 11 के.व्ही. फीडर से जुड़े क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।	माधवनगर 9425807554
4	19.02.2022	11 के.व्ही. फीडर सिटी 1 एवं सिटी 2	शांतिनगर, बरगवां, हाउसिंग बोर्ड, इंडस्ट्रियल एरिया, कृष्णाधाम एवं 11 के.व्ही. फीडर से जुड़े क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।	गणेश चौक 9425807546
5	20.02.2022	11 के.व्ही. फीडर कन्हवारा	साई मंदिर के पीछे का क्षेत्र, पन्ना मोड़, कुठला थाना, पुरैनी एवं 11 के.व्ही. फीडर से जुड़े क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।	एन के जे 9425807551
6	21.02.2022	11 के.व्ही. फीडर पंपहाउस	11 के.व्ही. फीडर से बैलवारा खुर्द, मझगवां फाटक, द्वारा, कोहका, पोंसरा, देवडोंगरा एवं फीडर से जुड़े उपभोक्ताओं कि विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।	गणेश चौक 9425807546
7	22.02.2022	11 के.व्ही. फीडर बड़वारा /जुहला	11 के.व्ही. फीडर से जुहला, जुहली, [illegible] एवं फीडर से जुड़े उपभोक्ताओं कि विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।	एन के जे 9425807551

नोट:-उच्चदाब उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त दिनांकों में विद्युत प्रदाय बंद होने पर आपसे अनुरोध कि अपनी वैकल्पिक व्यवस्था करने का कष्ट करें।

विद्युत संबंधी सभी शिकायतों को 1912 निःशुल्क नं. पर दर्ज करावें सम्मानीय उपभोक्ता से अनुरोध है कि अपने विद्युत बिल का भुगतान लम्बी कतार से बचने एवं अपना अमूल्य समय बचाने हेतु एम.पी.ऑन लाईन, स्मार्ट बिजली एप एवं पे.टी.एम. से भुगतान करें।

कार्यपालन अभियंता (शहर संभाग) म.प्र.पू.क्षे.वि.वि.कं.लिमि. कटनी

किराये से देना है
सिंगल रूम अटैच- 3000 प्रतिव्यक्ति
सर्विस वालों एवं ऑफिस के लिए- 5000 दो व्यक्ति
पता- बीजेपी कार्यालय के सामने
जबलपुर रोड बरगवां कटनी (म.प्र.)
मो. 8109417340

यदि आप तक समय पर
यश भारत
नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन: 230033

Dr
सी. आर. एम.
डे केयर क्लीनिक
डॉ. एस. के. शर्मा, एमडी (मेडिसिन)
वरिष्ठ चिकित्सा एवं छाती रोग विशेषज्ञ
पूर्व सिविल सर्जन, जिला अस्पताल
कटनी (म.प्र.) मो. 9425158548
सुबह 12 से सायं 4 बजे एवं रात्रि 7 बजे से रात्रि 8 बजे तक (रविवार अवकाश)
डॉ. अभिषेक शर्मा (एमबीबीएस)
डिप्लोमा इन कार्डियोलॉजी (पी.जी.डी.सी.सी.) फैलोशिप इन डायबिटिस,
हृदय एवं मधुमेह रोग विशेषज्ञ, पूर्व फिजीशियन जिला अस्पताल
कटनी (म.प्र.) मो. 8826395999
परामर्श समय : सुबह 10:30 बजे से दोपहर 04:30 बजे एवं सायं 06:30 बजे से रात्रि 08:30 बजे तक एवं रविवार प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक
सुविधाएं- ई.सी.जी., टी.एम.टी./ट्रेड मिल टेस्ट, इकोकार्डियोग्राफी,
एक्सरसाइज स्ट्रेस इकोकार्डियोग्राफी डोबुटामिन स्ट्रेस इकोकार्डियोग्राफी
एवं एक्सरे, पैथोलॉजी, पी.एफ.टी. (फेफड़े की जांच)
पता- डॉ. शर्मा तिराहा, बिहारी सोनी मार्केट, पुरानी बस्ती, आजाद चौक,
कटनी, (म.प्र.) फोन- 07622-225824, 8826395999

mgm HOSPITAL
एम.जी.एम. में अब जनरल सर्जन एवं पेट रोग विशेषज्ञ अब 24 घण्टे उपलब्ध।

Our Specialist
डॉ.एस.के.सिंह
M.B.B.S., M.S.
सीनियर जनरल एण्ड लेप्रोस्कोपी सर्जन
पूर्व चिकित्सक-
पोद्दार हॉस्पिटल, कोलकाता।
25 वर्ष का दूरबीन सर्जरी एवं अन्य सर्जरी का अनुभव।
आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत इलाज एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध।
For Appointment call or Visit
OPD Timing - Everyday 10:30AM to 02:30PM & 05:30PM-09:00PM
mgm HOSPITAL
एम.जी.एम. HOSPITAL
कचहरी चौक, फारेस्ट ग्राउंड के सामने, कटनी (म.प्र.) 483501
फोन नं.: 07622-405070-71-72
Email: info@mgmhospitalkatni.com
Website: www.mgmhospitalkatni.com

किराया जमा नहीं करने वाले शहर के व्यवसायियों की दुकानों पर लगेगा ताला

नगर निगम ने बकायादारों को जारी किया नोटिस

कटनी। वित्तीय वर्ष 2021 -2022 की समाप्ति को दृष्टिगत रखते हुए निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में निगम प्रशासन द्वारा बकाया करों की राशि के साथ ही निगम स्वामित्व की संपत्तियों के दुकान किराया की बकाया राशि की वसूली के प्रयास भी तेज कर दिये गए है। नगर निगम के जिन भवनों एवं दुकानों का किराया लंबित है उन व्यवसायियों को पूर्व में संपर्क कर शीघ्र बकाया किराया जमा कराने की समझाइश दी गई थी। इसके बावजूद अनेक व्यवसायियों ने अब तक किराया जमा नहीं कराया। ऐसे सभी किरायेदारों के प्रतिष्ठानों पर नगर निगम प्रशासन ने तालाबंदी की तैयारी कर ली है। इस संबंध में सभी दुकानदारों को नगर निगम की ओर से नोटिस भी जारी किया जा चुका है। बजार शाखा प्रभारी सुनील सिंह ने बताया कि वित्तीय वर्ष की समाप्ति पर निर्धारित लक्ष्य एवं नगर निगम स्वामित्व की दुकानों का शत प्रतिशत किराया राशि जमा करानें के निरंतर प्रयास किये जा रहे है। निगम स्वामितव की बस स्टेण्ड, बिलैया तलैया एवं झंडा बाजर की दुकानों के 5 दुकानदारों द्वारा बाकाया किराया राशि जमा करने के कारण नोटिस 24 घंटे में बकाया किराया राशि जमा करनें का नोटिस तैयार किया जाकर, किराया राशि जमा न करने पर दुकानों को नगर निगम आधिपत्य मे लेते हुए तालाबंदी की कार्यवाही किये जानें के सूचना पत्र तैयार किये गए है। वित्तीय वर्ष की समाप्ति पर निगम स्वामित्व की सपत्तियों के दुकानदारों को बकाया किराया राशि जमा करनें की सुविधा एवं निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ती हेतु निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे ने नगर निगम कम्प्यूटर कक्ष एवं जोन कार्यालयों के अतिरिक्त नगर के विभिन्न स्थलों में प्रातः 11 बजे से सायं 5 बजे तक शिविर आयोजित करनें के निर्देश प्रदान किये है। बाजार शाखा प्रभारी सुनील सिंह नें जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम स्वामित्व की दुकानों से किराये की शत प्रतिशत वसूली को दृष्टिगत रखते हुए राजस्व विभाग के दल का गठन कर नगर के बाजार स्थलों में चार दिवसीय शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत 15 फरवारी को प्रियदर्शनी बस स्टेण्ड, 16 फरवरी को झंडा बाजार, 17 फरवरी को गोल बाजार तथा 18 फरवरी को रेल्वे स्टेशन के समीप स्थित वाणिज्यिक केन्द्र में शिविर का आयोजन किया जावेगा। निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे ने निगम स्वामित्व की संपत्तियों की दुकानों के किरायेदारों से उनकी दुकानों के पास ही आयोजित होनें वाले शिविर का अधिक से अधिक लाभ प्राप्त कर बकाया किराया राशि जमा कर नगर विकास में सहयोगी बनने की अपील की है।

3 किलो अमानक पॉलिथीन जप्त, 3 हजार का जुर्माना

कटनी। नगर की सुचारू सफाई व्यवस्था के साथ ही अमानक पॉलिथीन का उपयोग करने वालों पर जुर्माने की कार्यवाही की जाकर पर्यावरण संरक्षण के प्रयास किये जा रहे है। प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर की सुचारू सफाई व्यवस्था एवं पर्यावरण संरक्षण को दृष्टिगत रखते हुए विगत संध्या निगम की स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा जोन क्रमांक 4 माधवनगर क्षेत्र में अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान 11 प्रतिष्ठानों पर गैर मानक पॉलिथीन का उपयोग करते पाये जानें पर 3 किलो 200 ग्राम पन्नी की जसी बनाई जाकर 3000 हजार रूपये का जुर्माना अधिरोपित किया गया।

गर्ल्स कॉलेज में पुलवामा हमले के शहीदों को अर्पित की गई श्रद्धांजलि

कटनी। शासकीय कन्या महाविद्यालय प्राचार्य, डॉ. आर.के. गुप्ता के मार्गदर्शन में 14 फरवरी को महाविद्यालय में छात्राओं एवं प्राध्यापकों द्वारा पुलवामा हमले में हुये शहीदों को श्रद्धांजलि दी गयी। उल्लेखनीय है कि 14 फरवरी 2019 को जम्मू श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर भारतीय सुरक्षा कर्मियों को ले जा रहे सीआरपीएफ के वाहनों के काफिले पर आत्मघाती हमला हुआ। जिसमें 45 भारतीय सुरक्षा कर्मियों की जान गयी थी। यह हमला जम्मू और कश्मीर के पुलवामा ज़िले के अवन्तिपोरा के निकट लेथपोरा इलाके में हुआ था। शहीदों के खू का असर देख लेना, मिटायेगे जालिम का घर, देख लेना। इस अवसर पर डॉ. विमला मिंज के द्वारा शहीदों की शहादत को याद करते हुऐ कविता के माध्यम से उन्हे श्रद्धांजलि अर्पित की गयी।कार्यक्रम में डॉ. साधना जैन, अमिताभ पाण्डेय, के.जे. सिन्हा, बंदना मिश्रा, डॉ. किरण खरादी सुनीता श्रीवास्तव, विनेश यादव, डॉ. अशोक शर्मा, डॉ. संजयकांत भारद्वाज भीम बर्मन, आरती वर्मा, प्रीति तिवारी, श्वेता जायसवाल, नम्रता निगम, प्रेमलाल कॉवरे, फूलचंद कोरी आंजनेय तिवारी, सोनिया कश्यप, श्रद्धा वर्मा, रिचा पाण्डेय, पूनम गर्ग, डॉ. नीना बजाज डॉ. अंकुर श्रीवास्तव, श्वेता कोरी, महत्वपूर्ण भूमिका रही।

पेरेंट्स ने स्कूल पहुंचकर देखे बच्चों के परिणाम

कटनी। विगत दिवस दिल्ली पब्लिक स्कूल में अभिभावक शिक्षक संघ की बैठक आयोजित की गई। बैठक में बच्चों के परिक्षा परिणामों की जानकारी अभिभावकों को दी गई। इसके साथ ही शिक्षकों ने बच्चों के माता-पिता एवं पालकों से संवाद स्थापित कर उन्हें बताया कि वे और क्या प्रयास करके अपने बच्चों की प्रतिभा को और बेहतर बना सकते हैं। बच्चों का अंतिम परीक्षा परिणाम अभी बाकी है, अगर बच्चे पूरी रूचि के साथ अध्ययन करेंगे तो उनके परिणाम और भी बेहतर आएंगे। बैठक में शिक्षकों के अलावा प्राचार्य, उपप्राचार्य एवं प्रभारी भी उपस्थित रहे।

नेहरु युवा केंद्र कर रहा युवाओं का डिजिटल अभिनंदन

कटनी। नेहरु युवा केंद्र संगठन युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार नेहरु युवा केंद्र से जुड़े युवाओं द्वारा डिजिटल अभिनंदन कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत ग्राहक सेवा केंद्रों पर जाकर डिजिटल इंडिया के मिशन हेतु अपना योगदान देने के उद्देश्य से स्वयंसेवा की जा रही।

स्व रोजगार प्राप्त करने वाले लाभार्थियों ने जताया प्रधानमंत्री का आभार

ऋण जमा करने वाले 1230 हितग्राहियों को जारी हुई ऋण की दूसरी किस्त

कटनी। कोविड जैसी महामारी से बुरी तरह प्रभावित शहरी पथ विक्रेताओं को पुनः अपने पैर पर खड़ा होने के लिए भारत सरकार एवं मध्यप्रदेश शासन के प्रयास से संचालित प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, जिसमें प्रारंभ से 10 हजार रूपये की कार्यशील पूंजी ऋण के रूप में दी गई तथा इस ऋण की राशि को चुकता करने वाले पथ विक्रेताओं को द्वितीय चरण में 20 हजार रूपये की ऋण राशि प्रदाय की जा रही है।

इस संबंध में जानकारी प्रदान करते हुए निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे ने बताया कि पी.एम. स्वनिधि योजना में प्रथम चरण में प्रदाय की जाने वाली 10000 रूपये ऋण राशि हेतु 5996 के लक्ष्य के विरूद्ध 5183 पथ विक्रेताओं को ऋण प्रदाय किया जा चुका है। साथ ही द्वितीय चरण में पात्र 295 हितग्राहियों में से 258 हितग्राहियों को 20000 रूपये की ऋण राशि प्रदाय की गई है। आयुक्त श्री धाकरे ने जानकारी देते हुए बताया कि कोविड लॉकडाउन से प्रभावित एवं पीएम स्वनिधि योजना से लाभान्वित पथ विक्रेताओं को मुख्यमंत्री द्वारा शुभकामना संदेश प्रेषित किया गया है। इसके अतरिक्त स्वनिधि योजना से लाभान्वित हितग्राहियों से प्रधानमंत्री जी को संबोधित आभार पत्र को पोस्टकार्ड एवं सोशल मीडिया के माध्यम से माननीय प्रधानमंत्री जी को प्रेषित किया जा रहा है। सिटी मैनेजर अमित प्रकाश नें बताया कि निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में योजनान्तर्गत अब तक कुल 1230 हितग्राहियों को मुख्यमंत्री का शुभकामना संदेश प्रदान कर उनसे आभार पत्र प्राप्त कर प्रधानमंत्री को भेजा जा चुका है।

भाजपा की गलत नीतियों के कारण बढ़ी महंगाई और बेरोजगारी

कटनी। प्रदेश संगठन नेतृत्व के निर्देशों पर कटनी के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में कांग्रेस का सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान को कांग्रेस ने घर चलो, घर-घर चलो का नाम दिया है। शहरी क्षेत्र में यह अभियान जिला शहर अध्यक्ष मिथलेश जैन के नेतृत्व में चल रहा तो ग्रामीण क्षेत्रों में स्थानीय नेताओं ने सदस्यता अभियान की बागडोर संभाल रखी है। कैमोर नगर में प्रदेश कांग्रेस सचिव श्रमिक नेता श्याम तिवारी की अगुवाई में कांग्रेस कार्यकर्ता लोगों के घर-घर पहुंच रहे हैं। जनसंपर्क के दौरान कांग्रेस नेता प्रदेश में बढती महंगाई विशेष रूप से रसोई गैस, खाद्य तेल, डीजल, पेट्रोल आदि के दामों में वृद्धि के उल्लेख के साथ इसके लिए भाजपा सरकार को गीतियों को जिम्मेदार ठहरा रहे। वहीं कांग्रेस के शासनकाल में चलाई गई जन कल्याणकारी योजनाओं की याद भी जनता को दिला रहे हैं। इसके साथ-साथ हर बूथ में नए सदस्य बनाने का कार्य भी किया ज रहा है। जिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष मिथलेश जैन के नेतृत्व में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता बीते शुक्रवार को आजाद चौक और मशुरहा वार्ड पहुंचे तथा लोगों से घर-घर जाकर संपर्क किया। कई लोगों को रसीद काटकर कांग्रेस का सदस्य भी बनाया गया। जनसंपर्क के दौरान वरिष्ठ कांग्रेस नेता करण सिंह चौहान, गिरधारी लाल स्वर्णकार, राकेश जैन, जालिम यादव, कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष पंकज गौतम, ब्लॉक अध्यक्ष रमेश सोनी, ब्लॉक अध्यक्ष इश्तियाक अहमद , जिला महिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष माया चौधरी, हेमा शर्मा, लता खरे, रुकमणी पांडे, रजनी नायक, युवा कांग्रेस के रौनक खंडेलवाल, राहुल पटेरिया, विनोद डेंगरे, जय अज्जू सोनी, अनुज सोनी, सत्यम सोनी, गिन्नी सोनी, पूर्व पार्षद चोखे भाई, विजय मंगल चौधरी, सामाजिक प्रकोष्ठ अध्यक्ष शेखर भारद्वाज, जितेंद्र गुप्ता, विनोद डेंगरे, जगदीश निषाद, सूचना अधिकार प्रकोष्ठ अध्यक्ष पार्थ समाधिया, गगन तिवारी, रमेश प्यासी, रजत यादव सहित अनेक साथ रहे।

जनसंपर्क के दौरान भाजपा सरकार पर आरोप लगा रहे कांग्रेस नेता, जारी है घर चलो, घर-घर चलो अभियान

कांग्रेसजनों ने जालपा वार्ड में किया सघन जनसंपर्क

घर चलो, घर-घर चलो अभियान

कटनी। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर चल रहे घर चलो, घर-घर चलो अभियान अंतर्गत जिला शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मिथलेश जैन के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने जालपा वार्ड में व्यापक जनसंपर्क कर पार्टी का सदस्यता अभियान चलाया। जनसंपर्क के दौरान नागरिकों ने बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी पर चिंता जताई। अनेक ऐसे परिवार भी मिले जिनके कई सदस्यों का रोजगार कोरोनाकाल में बंद हो गया है। बड़ी मुश्किल से परिवार का गुजारा चल रहा है। कांग्रेस नेताओं ने नागरिकों को बताया कि महंगाई और बेरोजगारी की समस्या मौजूदा भाजपा सरकार की गलत नीतियों के कारण है। अनेक नागरिकों ने बिजली बिलों को लेकर भी अपनी शिकायत बताई। कांग्रेसजनों ने भरोसा दिलाया कि अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की सरकार सत्ता में आएगी तब नागरिकों की इन समस्याओं का निराकरण होगा। जनसंपर्क अभियान के दौरान जिलाध्यक्ष मिथलेश जैन के अलावा वरिष्ठ कांग्रेस नेता करण सिंह चौहान, गिरधारी लाल स्वर्णकार, विक्रम खम्परिया, पंकज गौतम, शिव कुमार यादव, लता कनौजिया, ब्लॉक अध्यक्ष रमेश सोनी, हेमा शर्मा, जितेंद्र गुप्ता, रोनक खण्डेलवाल, अजय कछवाहा, विजय मंगल चौधरी, पार्थ समाधिया, विनोद डेंगरे, दीपक केसरवानी, अतीश लहरिया, सुशील साहू, भोजपुरिया, दीपक सुहाने, नरेश साहू, अंशुल सुहाने, कमलेश सिंह, शिवा कनोजिया, भोला सोनी, सचिन वर्मा, शिवम सोनी, दिलीप जायसवाल, अंकुश केसरवानी गुप्ता आदि अनेकों कार्यकर्ता शामिल थे।

कलेक्टर की नाराजगी का दिखा असर

विशेष अभियान चलाकर की गई जिला चिकित्सालय की सफाई

कटनी। विगत दिनों कलेक्टर द्वारा जिला चिकित्सालय के औचक निरीक्षण के दौरान परिसर में व्याप्त गंदगी को लेकर नाराजगी व्यक्त की गई थी। कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने सिविल सर्जन को जिला चिकित्सालय की सफाई व्यवस्था मुस्तैद रखने के निर्देश दिए गए थे। इन्हीं निर्देशों के पालन में गत दिवस निगमायुक्त सत्येंद्र सिंह धाकरे के निर्देशन में जिला चिकित्सालय में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। स्वच्छता दूतों ने सामुहिक अभियान चलाकर जिला चिकित्सालय के हर वार्ड एवं परिसर की सफाई की। जिला चिकित्सालय के अलावा बस स्टैंड, मिशन चौक, कोतवाली तिराहा, घंटाघर के मुख्य मार्ग, कावसजी वार्ड, बरगवां, भट्ठा मोहल्ला आदि में भी सड़कों चौराहों एवं सार्वजनिक स्थलों में स्वच्छता अभियान चलाया गया। स्वच्छता दूतों की टीम के माध्यम से हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी स्थित बडे नाले की सफाई के साथ ही महात्मा गांधी वार्ड स्थित जैन मंदिर के पास की नालियों, रधुनाथ गंज वार्ड स्थित माधव शाह मार्केट गली की नालियों, खेरमाई मंदिर के सामनें तथा गढडा टोला मलिन वंशकार बस्ती हनुमान जी के मंदिर के सामनें सहित नगर के अन्य स्थलों के नाले एवं नालियों के अपशिष्ट की सफाई कराई जाकर सुगम पानी निकासी के प्रयास किये गए।

किसानों के खातों में पहुंची फसल बीमा की राशि

कृषि उपज मण्डी में आयोजित हुआ जिलास्तरीय कार्यक्रम

कटनी। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बैतूल जिले में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम में खरीफ-2020 एवं रबी 2020-21 के तहत प्रदेश के 49 लाख दावों की 7618 करोड़ रूपये की राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से किसानों के खातों में अंतरित की। इसी क्रम में जिलास्तर पर कृषि उपज मण्डी में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें जनपद पंचायत कटनी अध्यक्ष शैलेष कन्हैया तिवारी, सीईओ जिला पंचायत जगदीश चन्द्र गोमे ने जिले के योजना अंतर्गत लाभान्वित होने वाले हितग्राहियों को प्रतीक स्वरुप चैकों का वितरण मंच से किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इस दौरान उप संचालक किसान कल्याण ए.के. राठौर ने बताया कि आज प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत खरीफ-2020 एवं रबी 2020-21 में जिन कृषकों ने अपनी फसलों का बीमा कराया था, उन्हें योजना के तहत दावों का भुगतान किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में जिले के 50 कृषकों को क्षतिपूर्ति की 38 लाख 57 हजार 548 रुपये की दावा राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से मुख्यमंत्री श्री चौहान द्वारा किया गया। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत आयोजित फसल क्षति राशि वितरण के जिलास्तरीय कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा हितग्राहियों को प्रतीक स्वरुप राशि के डमी चैक वितरित किये गये। इनमें कृषक सुरेश प्रसाद ग्राम पिलौंजी को 60 हजार 796 रुपये की क्षतिपूर्ति राशि, ग्राम खमतरा निवासी मांडवी बाई को 75 हजार 566 रुपये, ग्राम खमतरा निवासी राजभक्त सिंह को 81 हजार सात रुपये, खेत सिंह राजपूज को 1 लाख एक हजार 472 रुपये, खमतरा निवासी किरन सिंह पति धर्मपाल सिंह को 1 लाख 74 हजार 70 रुपये की क्षतिपूर्ति राशि के डमी चैकों का वितरण मुख्य अतिथियों द्वारा किया गया। फसल बीमा वितरण कार्यक्रम में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के बैतूल जिले में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। इस कार्यक्रम को एलईडी स्क्रीन के माध्यम से उपस्थित अतिथियों, कृषकों एवं जनप्रतिनिधियों ने देखा व सुना।

हेमूकालाणी वार्ड में सामूहिक टीम के साथ चला सफाई अभियान

कटनी। नगर की सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए चलाये जा रहे अभियान के तहत हेमूकालाणी वार्ड में स्वच्छता दूतों की टीम के माध्यम से विशेष सफाई अभियान आयोजित कया गया। अभियान के दौरान वार्ड के विभिन्न नाले नालियों एम.ई.एस कॉलोनी के विभिन्न स्थलों, सेवन इलेवन के बाजू वाले बडे नाले, बंगला लाईन के विभिन्न स्थलों, पी.एम.दाल मिल के पास एवं बंगला लाईन बजरंग मंदिर के पास सहित वार्ड के अन्य स्थलों के नाले एवं नालियों के अपशिष्ट की सफाई कराकर सुगम पानी निकासी के प्रयास किये गए।

फारेस्टर ग्लेग्राउण्ड की भी हुई साफ-सफाई

सफाई व्यवस्था के दौरान खिलाडियों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए फारेस्टर ग्लेग्राउण्ड के बाहर वाले मैदान की सफाई कराई जाकर कचरे के उठाव का कार्य के साथ ही नगर के अन्य सार्वजनिक स्थलों बस स्टेण्ड परिसर, नदीपार मुख्य मार्ग, जालपा देवी मंदिर प्रांगण, वीर सावरकर वार्ड के मुख्य मार्गो, राजीव गांधी वार्ड स्थित माई नदी घाट की सीढियों, मिशन चौक, बरगवां मुख्य मार्ग एवं डिवाईडर, भट्ठा मोहल्ला, शिवाजी वार्ड की विभिन्न गलियों, एन.के.जे. मुख्य मार्ग, रधुनाथ गंज वार्ड बताशा गली, घंटाघर प्वाइंट, स्टेट बैंक तिराहा, जिला चिकित्सालय के अंदर स्थित कचरे के प्वाइंट, पी.डब्ल्यू डी कॉलोनी, माधवनगर हास्पिटल एवं विभिन्न मार्गो की सफाई कराई जाकर नगरीय एवं उपनगरीय क्षेत्रों के वार्डो से डोर टू डोर कचरे के संग्रहण का कार्य एवं कचरे के प्वाइंटों की सफाई कराई जाकर नगर को साफएवं स्वच्छ रखने के प्रयास किये गए।

नकल रोकने उड़नदस्तों को जिम्मा

जिला प्रशासन के अफसरों के साथ ही सभी बीईओ की तैनाती

कटनी। दसवी और बारहवीं की बोर्ड परीक्षाओं के दौरान नकल पर सख्ती से लगाम लगाने के लिए उड़नदस्तों का गठन किया गया है। जानकारी के मुताबिक कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने जिला प्रशासन के सभी प्रमुख और वरिष्ठ अधिकारियों को उड़नदस्ते में शामिल करते हुए परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण करते हुए नकल पर रोक लगाने के निर्देश दिए हैं। इसी तरह जिला शिक्षा विभाग द्वारा सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारियों को जिम्मा दिया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी पृथ्वीपाल सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि कक्षा दसवीं और बारहवीं की वार्षिक परीक्षाएं आगामी 17 फरवरी से शुरू हो रही है। जिले में बोर्ड परीक्षाओं को शांतिपूर्वक तरीके से निर्विघ्न संपन्न कराने के लिए आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। प्रश्न पत्रों का भी वितरण कर दिया गया है। प्रश्न पत्रों को पुलिस थाने में रखवाया गया है। माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा संचालित हाईस्कूल कक्षा दसवी और हायर सेकेंडरी कक्षा बारहवीं की बोर्ड परीक्षाएं 17 फरवरी से शुरू हो रही है। 12वीं का पहला पेपर अंग्रेजी विषय का 17 फरवरी और 10वी का पहला पेपर हिन्दी विषय का 18 फरवरी होगा। दोनों ही परीक्षाएं सुबह 10 बजे से 1 बजे तक आयोजित की जाएंगी।

30 हजार से ज्यादा छात्र सम्मिलित होंगे दोनों परीक्षाओं में

इस बार बोर्ड परीक्षाओं में करीब 30 हजार छात्र सम्मिलत हो रहे हैं, जिसमे कक्षा दसवीं में 18 हजार 922 और कक्षा बारहवीं में 11 हजार 623 छात्र शामिल हैं। जिले में कुल 101 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं, जिसमे से 7 परीक्षा केन्द्रों को संवेदनशील माना गया है। इन संवेदनशील परीक्षा केन्द्रों पर शिक्षा विभाग के साथ ही जिला प्रशासन की पैनी नजर रहेगी, इसके साथ ही यहां पुलिस की भी तैनाती की जा रही है। छात्रों को मास्क लगाकर और सैनेटाइजर लेकर आना होगा। परीक्षा के दौरान कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए भी इंतजाम किए जा रहे हैं।

आज 2 विकासखंडों में प्रश्न पत्रों का वितरण

जिला शिक्षा अधिकारी पृथ्वीपाल सिंह ने यश भारत को जानकारी देते हुए बताया कि कल 14 फरवरी को बहोरीबंद, ढीमरखेड़ा, विजयराघवगढ़ एवं बड़वारा विकासखंड के परीक्षा केन्द्रों के लिए प्रश्न पत्रों का वितरण किया गया था और आज मंगलवार को शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय माधवनगर से कटनी और रीठी विकासखंड के परीक्षा केन्द्रों के प्रश्नपत्रों का वितरण किया गया है।

दोहरीकरण से बढ़ेगी गाड़ियों की रफ्तार, क्षेत्र के आर्थिक के साथ ही औद्योगिक विकास में होगी बढ़ोत्तरी

सलहना-खन्ना बंजारी के बीच 115 किलोमीटर की रफ्तार से दौड़ा इलेक्ट्रिक इंजन

कटनी-सिंगरौली रेलखंड पर दोहरीकरण रेललाइन कार्य का रेल संरक्षा आयुक्त ने किया निरीक्षण

कटनी। कटनी-सिंगरौली रेलखंड पर सल्हना से खन्ना बंजारी स्टेशन के बीच 21 किलोमीटर दोहरीकरण कार्य का पूर्ण कर लिया गया है। रेल संरक्षा आयुक्त मध्यवृत्त मनोज अरोड़ा ने दोहरीकरण कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान रेल संरक्षा आयुक्त ने इस रेलखंड पर संरक्षा एवं सुरक्षा से जुड़े ट्रैक, ब्रिजों, स्टेशन, संसाधनों, ओएचई लाइन, सम्बद्ध उपकरण तथा सिगनलिंग आदि का निरीक्षण किया और उनके कार्य क्षमता को परखा। सलहना से खन्ना बंजारी के मध्य रेलखंड पर 8 घुमावदार कर्व एवं 23 छोटे ब्रिज, 3 मेजर प्रमुख ब्रिज और 7 सीमित ऊंचाई सबवे आरयूबी का निर्माण कार्य किया गया है।

इस रेलखण्ड पर सभी प्रकार के रेलवे मापदंडों के अनुसार निर्माण कार्य किया गया है। इस दौरान सलहना से खन्ना बंजारी के मध्य दोहरीकरण लाइन पर इलेक्ट्रिक इंजन से 115 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से सफल स्पीड ट्रायल भी किया गया। विदित हो कि पिछले कुछ वर्षों से रेल सुविधाओं में इजाफा होने से यात्रियों को बड़ी राहत मिल रही है। कार्य की गुणवत्ता एवं स्पीड ट्रायल पर रेल संरक्षा आयुक्त ने संतुष्टि जाहिर की है। इस रेलखण्ड के कमीशन होते ही गाड़ियों का परिचालन शुरू हो जाएगा। दोहरीकरण होने से गाड़ियों की रफ्तार बढ़ेगी और इस क्षेत्र का आर्थिक विकास भी होगा। सल्हना से खन्ना बंजारी रेलखण्ड जो कि कोल एवं आयरन ओर परिवहन के क्षेत्र से जुड़ा हुआ है, जिससे मध्यप्रदेश के उद्योगिक विकास में बढ़ोत्तरी करेगा।

एक नजर इधर भी

पमरे ने इस 2021-22 में दोहरीकरण, तिहरीकरण का 135 किमी का कार्य पूर्ण किया है। कटनी-सिंगरौली रेलखण्ड पर एनकेजे से कटंगीखुर्द तक 8 किलोमीटर, देवराग्राम से मझौली तक 8 किलोमीटर एवं सल्हना से खन्नाबंजारी 21 किलोमीटर तक कुल 37 किमी का कार्य पूर्ण किया। रीवा-सतना रेलखण्ड पर दोहरीकरण का कार्य में सकरिया-कैमा तक 6 किलोमीटर का कार्य पूर्ण किया। कटनी-बीना रेलखण्ड पर तिहरीकरण के कार्य में हरदुआ से रीठी 15 किलोमीटर एवं मालखेड़ी से खुरई 18 किलोमीटर तक 33 किमी का कार्य पूर्ण किया।

खेत में करंट लगने से बुजुर्ग दम्पत्ति की मौत

कटनी। माधवनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बंडा में खेत में पानी लगाते समय करंट की चपेट में आने से बुजुर्ग दम्पत्ति की मौत हो गई। उनकी लाश खेत के पास कंटीले तार के पास पाई गई। सूचना मिलते ही माधवनगर पुलिस मौके पर पहुंची और लाश बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भिजवाई। पुलिस ने मर्ग दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम बिछुआ निवासी रम्मू कोल बंडा मोड़ स्थित बिछुआ बिरहा हार में राकेश कुशवाहा का खेत सिकमी में लेकर कृषि कार्य करता था। रविवार की शाम करीब 7 बजे जब राकेश कुशवाहा यहां पहुंचा तो कुआं के पास बनी टपरिया में लाइट नहीं जली थी, जब वह खेत पहुंचा तो 75 वर्षीय रम्मू कोल एवं 70 वर्षीय चंदोबाई कोल की लाश कंटीले तार के पास पड़ी हुई थी। इसकी सूचना उसने तत्काल ग्राम कोटवार को दी। कोटवार ने रात में ही पुलिस को इस घटना की जानकारी दी। सूचना पर माधवनगर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने बिजली सप्लाई बंद कराकर दोनों के शव वहां से जिला अस्पताल पहुंचाए। पुलिस के अनुसार मौके

माधवनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बंडा में बीती रात घटना

पर निरीक्षण में पाया गया कि सर्विस लाइन में कई जगह से कट लगे थे। सर्विस लाइन कंटीले तारों के सम्पर्क में आ गई थी, जिससे तारों में भी करंट था। संभवतः पानी चलाते समय कोई एक करंट की चपेट में और उसे बचाने पति या पत्नी ने प्रयास किए होंगे, जिससे दोनों को करंट लग गया। पुलिस ने बताया कि मृतक बुजुर्ग गांव के ही राकेश कुशवाहा का खेत सिकमी में लेकर खेती कर रहा था। जांच में स्पष्ट होगा कि मृतक ने खेत में सिकमी में लिया था या फिर वह मजदूरी करता था। वहां बिजली का कनेक्शन वैध था या फिर अनाधिकृत तौर पर तार लगाया गया था। बताया जाता है कि मृतक रम्मू कोल के दो पुत्र एक पुत्री है। तीनों की शादी हो चुकी है और पुत्र अपने परिवार के साथ रहते हैं।

युवक से बका बरामद

अपराधिक वारदात को अंजाम देने की नीयत से धारदार हथियार लेकर घूम रहे युवक को पकड़कर पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया है। बड़वारा पुलिस ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान बड़वारा तिराहा में उमंगनगर निवासी 21 वर्षीय संदीप केवट को संदिग्ध हालत में घूमते हुए पकड़ा। अरोपी की तलाशी लेने पर उसके कब्जे से बका जप्त कर पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

अवैध शराब के खिलाफ पुलिस की मुहिम तेज

30 हजार रूपए की शराब जब्त

कटनी। कोतवाली थाना क्षेत्र के खिरहनी फाटक रेल्वे लाईन के किनारे पुलिस ने गंगा बर्मन से 2 लीटर हाथभट्टी शराब, माधवनगर थाना क्षेत्र के ग्राम बिछुआ में राजेन्द्र गुप्ता से 5 लीटर कच्ची शराब, किशन विश्वकर्मा से 5 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त की है। इसी तरह कुठला थाना क्षेत्र में चाका बायपास के पास मिथलेश ढाबा के पीछे सचिन चौधरी से 2 लीटर, रंगनाथ नगर थाना क्षेत्र के सरकार होटल के सामने सौरभ आहूजा से आरएस 8 बाटल एवं 18 केन किंग फिशर बीयर तथा सरकार होटल के सामने पाठक वार्ड में उदय रैकवार से 18 केन किंग फिशर बीयर एवं 8 बाटल, विजयराघवगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम सिनगौड़ी में पप्पू बर्मन से 3 लीटर, बरही के ग्राम इटौरा में रज्जू चौधरी से 20 पाव देशी प्लेन, बड़वारा थाना क्षेत्र के ग्राम बसाड़ी में रामकेश पटेल 18 पाव देशी प्लेन शराब जब्त की गई है। जब्त शराब की कीमत 30 हजार रुपए बताई गई है। पुलिस ने सभी के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

बाइकों में आमने-सामने सीधी भिंड़त, दुर्घटना में दो घायल

कटनी। बहोरीबंद थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम किरहाई पिपरिया मस्जिद के सामने सुरजीत लोधी एवं जितेन्द्र भूमिया के बीच आमने-सामने बाइकों में सीधी भिंड़त हो गई। इस घटना में दोनों की बाइक क्षतिग्रस्त होने के साथ चोटें आई हैं। पुलिस ने दोनों का उपचार कराते हुए मामले में प्रकरण दर्ज किया है। इसी तरह बड़वारा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम विलायतकला पेट्रोल पंप के पास त्रिपुरारी प्रताप सिंह निवासी झरेला को बाइक चालक ने ठोकर मार दी। गुड़ा मोड़ में सुनीता बाई रजक को बाइक चालक ने ठोकर मारकर घायल किया। सभी चालकों पर मोटर व्हीकल एक्ट की कार्रवाई की गई है।

सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

माधवनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत सड़क हादसे में घायल युवक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार प्रमोद पाण्डे पिता राजेन्द्र पाण्डे 22 वर्ष निवासी रामजानकी वार्ड क्रमांक 18 रेल्वे कालोनी की एक्सीडेन्ट से आई चोट से इलाज के दौरान मौत हो गई है।

किशोर के साथ मारपीट

कटनी। माधवनगर थाना अंतर्गत अमकुही हनुमान मंदिर के सामने एक किशोर के साथ गंभीर रूप से मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार अमकुही निवासी 15 वर्षीय आर्यन पिता अजय शंकर तिवारी के साथ छुट्टू उर्फ उदयशंकर परौहा ने मारपीट की है। बताया जा रहा है कि पूर्व में भी मारपीट कर चुका है। एक अग्रवाल के खेत में काम करता है। खेलने के दौरान गेंद चले जाने आदि पर मारपीट करता है। गांव के लोग परेशान हो गए हैं।

शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कृत्य, गर्भवती होने के बाद छोड़ा

कटनी। शादी का झांसा देकर एक महिला से साथ बलात्कार का मामला सामने आया है। महिला के गर्भवती होने के बाद आरोपी ने छोड़ दिया है। पीड़िता ने इसकी शिकायत महिला थाने में की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज करते हुए मामले को जांच में लिया है। पुलिस ने बताया कि 26 वर्षीय महिला के साथ में मुस्ताक अहमद ने शादी का झांसा देकर कई दिनों तक अपने साथ रखा और 2 जनवरी से लगातार उसके साथ बलात्कार कर रहा था। महिला गर्भवती भी है। अब उसे छोड़कर चला गया। जिस पर पुलिस ने महिला की रिपोर्ट पर दुष्कृत्य का मामला दर्ज किया है।

मकान के सामने से बाइक चोरी

कटनी। वाहन चोरी की घटनाएं इन दिनों जोरो पर हैं। कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत रेल्वे कालोनी से घर के सामने से बदमाशों ने दो पहिया वाहन चोरी कर लिया। जानकारी अनुसार रामदास मौर्य पिता रामखेर मौर्य का दो पहिया वाहन क्रमांक एम.पी.21 एमएन-0730 अज्ञात बदमाशों ने घर के सामने से पार कर दिया। वाहन मालिक की रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर पतासाजी प्रारंभ कर दी है।

युवक ने फांसी लगाकर दी जान

कटनी। अज्ञात कारणों से तंग आकर युवक ने फंदे पर झूलकर अपनी जीवनलीला का अंत कर लिया। कुठला थाना क्षेत्र के ग्राम बड़ेरा निवासी युवक ने आत्महत्या कर लिया। जानकारी अनुसार 22 वर्षीय रवि चौधरी पिता बहादुर चौधरी ने किसी बात से परेशान होकर फांसी लगा ली, जिससे उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने कार्रवाई की और पोस्टमार्टम कराने उपरांत मर्ग प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया है।

दुखी परिवारों को सांत्वना देने पहुंचे विधायक

कटनी। मानव जीवन में सभी के साथ आर्थिक, सामाजिक या पारिवारिक कठिनाईयां आती रहती हैं जिसका लोग सामना करते रहते हैं पर परिवार के किसी सदस्य का इस संसार विदा हो जाना लोगों को शोक के सागर में डुबा देता है। इस दुख की कोई सीमा नहीं होती। प्रिय परिजनों के बिछोह के बाद लोगों को जीवन दर्द और दुश्वारी भरा लगने लगता है। समझ में नहीं आता कि क्या करें, कहां जाएं। ऐसे में कोई उसका दुख दर्द बांट ले तो दुख का अहसास थोड़ा कम जरूर हो जाता है। ऐसे ही अनेक दुखी परिवारों के बीच पहुंचकर विजयराघवगढ़ विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक ने परिजनों से भेंट की और दुख की घड़ी में सांत्वना व्यक्त करते हुए उन्हें ढाढस बंधाया। कैमोर क्षेत्र के अपने प्रवास के दौरान विधायक श्री पाठक ग्राम गुडगुड़ौआ के प्रतिष्ठत नागरिक स्व. केदार दुबे मालगुजार के निवास पहुंचे एवं परिजनों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त की। विधायक संजय पाठक ने सम्पूर्ण क्षेत्र में अपने अच्छे व्यवहार एवं जनहितैषी कार्यो के लिए जाने वाले स्व. पं. केदार दुबे के नाम पर उनकी कर्मभूमि गुड़गुड़ौआ गांव में सीमेंट कांक्रीट का प्रवेशद्वार बनाने की घोषणा की। गांव के ही आदिवासी समाज के लक्ष्मण दाहिया कोटवार के पुत्र सोभित दाहिया के निधन पर उनके निवास पर जाकर अपनी संवेदनाएं व्यक्त करते गरीब परिवार को अपने पास से आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई। इसी तरह गांव में भाजपा के कार्यकर्ता एवं चुनाव में पोलिंग एजेंट के रूप में काम करने वाले बलराम विश्वकर्मा के निधन पर संवेदना व्यक्त करते हुए परिजनों को आर्थिक सहायता प्रदान की। इसी तरह कमलेश प्रसाद गौतम के पुत्र ऋषिराज के निधन पर शोक जताते हुए परिजनों को ढांढस बंधाया। इंटक यूनियन के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष श्रमिक नेता प्रकाश पांडे के पिता पं गोविंद नारायण पांडे के निधन पर उनके निवास पहुंचकर विधायक श्री पाठक ने पांडे परिवार से अपनी संवेदना व्यक्त की। इसी क्रम में कैमोर के संडे मार्केट निवासी प्रतिष्ठित व्यापारी मुकेश जैन के पिता नत्थूलाल जैन के निधन पर उनके निवास पहुंचकर शोक संवेदनाएं व्यक्त की। वहीं खलवारा बाजार निवासी शुभम चतुर्वेदी के पिता रामेश्वर चतुर्वेदी के निधन पर परिजनों से संवेदनाएं व्यक्त की।

गरीब परिवारों को दी आर्थिक सहायता

JOB OPENING
Requirement/skills
1. Tally, 2. Micro-soft Excel, Word
3. Communication Skills
The Dinesh Goods Transport Co.
Address- Near Ajay Dall Mill Madhavnagar gate Acc Post Katni m.p.
For Application
Contact- Ayush Jain
Mo. 8989020207

बेचना है
द्वारका सिटी, बरगवां कटनी में पानी की टंकी के पास मकान नं. 236, 237 बेचना है। प्रत्येक 480 वर्गफुट का स्वतंत्र मकान छत सहित। एक कमरा, किचिन, लेटबाथ, के साथ बरामदा (क्लोज) तत्काल बेचना है। शीघ्र संपर्क करें-
मो. 9977761441
9425859026

देवपद स्किन एवं हेयर क्लीनिक
डॉ. कनिका अग्रवाल
M.B.B.S. D.D.V. (Mumbai)
सौन्दर्य एवं चर्मरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक नानावटी हॉस्पिटल मुम्बई
कील मुहाँसे, दाद, खाज, खुजली, एलर्जी, टेनिंग, सफेद दाग, कुष्ठ रोग, मस्सा, तिल, कार्न वार्ट, सोराएसिस, एक्जीमा, एंटी एजिंग, नाखुन के रोग, बाल झड़ना, शिशु चर्मरोग, कान की सिलाई, पी.आर.पी केमिकल पीलिंग, मेडिफेशियल, डर्मारोलर
मिलने का समय-सुबह 9:30 बजे से दोप.11:30 बजे तक एवं सायं 4:30 बजे से सायं 7:30 बजे तक।
महावीर कीर्ति स्तंभ के सामने
झंडा बाजार, कटनी मो. 7045044274

पोस्ट कोविड समस्याओं के सही इलाज के लिए मिलें Pulmonologist
डॉ. स्मिता बजाज
MBBS, DTCD, CCEDM
टी.बी., दमा, श्वास, खांसी, एलर्जी एवं डायबटीज स्पेशलिस्ट
मौसम बदलने पर बार-बार खांसी आना, साल भर सर्दी बने रहना, एलर्जी की शिकायत होना एवं नींद में सीटी की आवाज आना
नोट- स्पायरोमीटरी (फेफड़ों की कम्प्यूटरीकृत जांच) एवं (एलर्जी टेस्टिंग) की सुविधा उपलब्ध है।
संपर्क करे- डॉ. राजीव बजाज (शिशु रोग विशेषज्ञ)
कन्हैया हास्पिटल, माई नदी के पास बरही रोड, कटनी
फोन-07622-236253, मो. 6266203009

ROYAL VINTAGE
for Bride-Groom Entry & Auspicious Program
केवल 16000 में
Hire Vintage Car for Wedding
Vintage Car Rent
स्पेशल डिस्काउंट
Contact us @ Katni : Mr. Ajay 9754005830, 9575796008

JOHNSON Not just tiles, Lifestyles.
सभी प्रकार के ग्रेनाईट टाईल्स, इटेलियन मार्बल, सिन्क, कोटा, कड़प्पा पत्थर होलसेल रेट पर मिलने का एकमात्र स्थान
समर्थ
मार्बल एण्ड ग्रेनाईट
पता- टीवीएस शोरूम के बाजू में जबलपुर रोड, बरगवां कटनी मो. 9425153498, 7067666668

यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन: 230033

रत्ना मैरिज गार्डन
मुड़वारा स्टेशन के पास
शहर के मध्य सुविधाओं से युक्त विशाल परिसर
बजट आपका व्यवस्था हमारी
एक बार अवश्य पधारें
शादी विवाह व अन्य आयोजन के लिए 100 व्यक्तियों के ठहरने की उत्तम व्यवस्था, जनवासा अलग से
पानी, बिजली और पार्किंग की बेहतर व्यवस्था
पाठक वार्ड, कटनी
संपर्क :- 9425466630, 7999523588
शहर के मध्य क्षेत्र में मीटिंग, कान्फ्रेंस, बर्थ-डे पार्टी एवं अन्य बड़े आयोजनों के लिए बेहतर स्थान
कोरोना गाइड लाइन के तहत ही सभी कार्यक्रम का आयोजन होगा

U-TURN
END OF THE Season SALE
UPTO 50% Off
On Selected Merchandise
U-TURN, 1st & 2nd floor, Near Main Railway Station, Barhi Road, Katni (M.P.) Tel : 07622 422412

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्र. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)